संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर www.santalexpress.com पर पढ़ें

21 मई 2026, गुरुवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 08, अंक - 239

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस

### झारखंड में बढ़ी गर्मी

**रांची ।** राजधानी रांची समेत राज्य के अधिकांश हिस्सों में पिछले एक सप्ताह से तेज धूप, गर्म हवाओं और उमस ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। कई जिलों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है,मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार राज्य के पलामू, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया।

# नक्सल मुक्त हुआ झारखण्ड!

## आज झारखण्ड पुलिस मुख्यालय में होगा नक्सल इतिहास का सबसे बड़ा सरेंडर

**● सारंडा में सक्रिय महिला नक्सली सहित दो दर्जन से अधिक नक्सलियों ने घने जंगलों के बीच सुरक्षाबलों के सामने हथियार डाल दिए हैं.**

संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश को नक्सल मुक्त होने की मार्च में ही घोषणा कर दी थी, लेकिन झारखंड अब नक्सल मुक्त होने जा रहा है। प्राप्त जानकारी अनुसार सारंडा में विचरण करने वाले कई नक्सलियों ने एक साथ जंगल छोड़ दिया है और सुरक्षा बलों के सामने हथियार डाल दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इनमें कई इनामी नक्सली और महिला नक्सली भी शामिल हैं। गुरुवार को झारखंड के नक्सल इतिहास में सबसे बड़ा सरेंडर होगा। झारखंड में पहली बार एक साथ कई नक्सली विधिवत आत्मसमर्पण करेंगे। पुलिस मुख्यालय और सुरक्षा एजेंसियों से मिली सूचना के मुताबिक सारंडा में सक्रिय महिला नक्सली सहित दो दर्जन से अधिक नक्सलियों ने घने जंगलों के बीच सुरक्षाबलों के सामने हथियार डाल दिए हैं। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों ने अपने साथ एक दर्जन से ज्यादा हथियार भी पुलिस को सौंपे हैं। सभी को सुरक्षित जंगलों में रखा गया था जिन्हें धीरे-धीरे रांची लाया गया है।जानकारी के अनुसार आत्मसमर्पण करने वाले सभी नक्सली मिसिर बेसरा के दस्ते के बताए जा रहे हैं। एक करोड़ का इनामी मिसिर बेसरा सारंडा में नक्सल संगठन को लीड कर रहा है। एक साथ इतनी संख्या में नक्सलियों के जंगल छोड़ के निकल जाने से संगठन को बहुत बड़ा झटका लगने की बात कही जा रही है। सारंडा में आधिकारिक तौर पर 45 से 50 की



संख्या में नक्सली थे, अब उनकी संख्या आधी के आस-पास बच गई है। खुफिया विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में से काफी संख्या में महिला नक्सली भी हैं, जिसमे हार्डकोर महिला नक्सली भी शामिल हैं। सारंडा में सक्रिय जिन नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है उनमें से एक से लेकर 10 लाख तक के इनामी बताए जा रहे हैं. नक्सलियों के द्वारा एलएमजी, राइफल जैसे लगभग एक दर्जन हथियार भी सरेंडर करने की बात बताई जा रही है।

पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को रांची स्थित पुलिस मुख्यालय में सभी नक्सली विधिवत हथियार डालेंगे। मौके पर डीजीपी सहित कोल्हान के तमाम पुलिस अधिकारी मौजूद रहेंगे।झारखंड में गुरुवार को समर्पण करने वाले नक्सली अब सीधे ओपन जेल जाएंगे। ओपन जेल में उन्हें अपने परिवार के साथ रहने की सुविधा रहेगी। झारखंड पुलिस ने अपनी सरेंडर पॉलिसी में पिछले वर्ष ये बदलाव किया है, जिसके तहत अब आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली आम जेल नहीं जाएंगे, बल्कि वे हजारीबाग स्थित ओपन जेल में रहेंगे। ओपन जेल में रहने वाले नक्सलियों को जेल के अंदर कौशल योजना से जोड़ा जाता है। जेल के अंदर ही रोजगार के विभिन्न तरीकों को आत्मसमर्पित नक्सलियों को सिखाया जाता है, ताकि जब पूर्व नक्सली जेल से बाहर निकले तो उन्हें तुरंत रोजगार मिल सके। वहीं जिन नक्सलियों के ऊपर इनाम घोषित हैं उसकी राशि उन्ही को मिलेगी।

# क्या मप्र लोकायुक्त खुफिया संगठन है, जिसे आरटीआई से छूट दी? : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने मध्यप्रदेश लोकायुक्त संगठन को सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम से मिली छूट पर गंभीर सवाल उठा दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने जानना चाहा है कि क्या यह कोई खुफिया या सुरक्षा संगठन है, इसकारण लोकायुक्त संगठन को आरटीआई कानून 2005 की धारा 24(4) के तहत छूट दी जा सकती है। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टि सई की पीठ ने पाया कि मध्यप्रदेश सरकार रिकॉर्ड पर ऐसा



कोई तथ्य पेश करने में विफल रही, जिससे साबित हो कि लोकायुक्त संगठन एक खुफिया या सुरक्षा एजेंसी है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि इस तरह के स्पष्टीकरण के अभाव में, 2011 में जारी की गई छूट संबंधी अधिसूचना आरटीआई कानून की मूल भावना के विपरीत और कानूनी आधार में कमजोर प्रतीत होती है।

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने मध्यप्रदेश सरकार के वकीलों के रवैये पर गहरी नाराजगी जाहिर की। सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की कि अक्सर मध्यप्रदेश से जुड़े मामलों में सरकारी वकील मौजूद नहीं रहते। इस मामले में भी बहस खत्म होने के बाद बुलाए जाने पर वकीलों ने केस की पूरी जानकारी होने से इंकार किया। इस गंभीर स्थिति को देखकर सुप्रीम कोर्ट ने मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव और महाधिवक्ता को नोटिस जारी किया है। इसकी एक प्रति प्रदेश के लॉ सेक्रेटरी को भी भेजी गई है। सुप्रीम कोर्ट ने सरकारी वकीलों के पैनल की समीक्षा करने को कहा है, ताकि अदालत में प्रभावी प्रतिनिधित्व नहीं करने वाले वकीलों पर निर्णय हो सके। गौरतलब है कि हाईकोर्ट पहले ही लोकायुक्त को 30 दिन में जानकारी देने और 5 हजार रुपये का जुर्माना भरने का आदेश दे चुका है।


## भारत और इटली ने की 'स्पेशल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' की घोषणा

# रक्षा, व्यापार और तकनीक में सहयोग होगा मजबूत : मोदी

एजेंसी

**रोम ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को भारत और इटली के संबंधों को 'स्पेशल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' के स्तर तक उन्नत करने की घोषणा की। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के साथ संयुक्त प्रेस वक्तव्य में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले लगभग साढ़े तीन वर्षों में उन्हें प्रधानमंत्री मेलोनी से कई बार मिलने का अवसर मिला है, जो दोनों देशों के बीच बढ़ते करीबी सहयोग और बेहतर सामंजस्य को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मेलोनी के नेतृत्व में भारत-इटली संबंधों को नई गति, नई दिशा और नया आत्मविश्वास मिला है।

उन्होंने कहा कि भारत-इटली संयुक्त रणनीतिक कार्ययोजना 2025-2029 दोनों देशों की साझेदारी को व्यावहारिक और भविष्य उन्मुख




ढांचा प्रदान करती है तथा इस पर समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ा जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इटली विश्वभर में डिजाइन और प्रिसीजन के लिए प्रसिद्ध है, जबकि भारत बड़े पैमाने, प्रतिभा और किफायती नवाचार की ताकत के रूप में पहचाना जाता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्रों में करीबी सहयोग दोनों देशों के गहरे आपसी विश्वास का प्रतीक है। यह सहयोग केवल सेनाओं तक सीमित नहीं है बल्कि दोनों देशों के रक्षा उद्योगों के बीच भी तेजी से बढ़ रहा है।

# देश में महंगाई, बेरोजगारी और पीएम विदेश में रील बनाने में व्यस्त : राहुल

एजेंसी

**अमेठी ।** उत्तर प्रदेश के अमेठी जनपद मुख्यालय गौरीगंज बाईपास स्थित मैदान पर आयोजित जनसभा में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी पर जमकर हमला बोला। राहुल गांधी ने कहा कि देश आर्थिक संकट की ओर बढ़ रहा है, लेकिन केंद्र सरकार जनता की समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है। सभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने मीडिया पर भी तंज कसते हुए कहा कि अब प्रेस में बदलाव दिखाई देने लगा है, क्योंकि उन्हें लग रहा है कि मोदी सरकार की विदाई का समय नजदीक है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इटली दौरे और वहां की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के साथ वायरल एक वीडियो का जिक्र करते हुए कहा कि जब देश महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक संकट से जूझ रहा है, तब प्रधानमंत्री विदेश में



रील बनाने में व्यस्त हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि देश में पेट्रोल, डीजल और गैस के दाम लगातार बढ़ रहे हैं तथा किसानों को खाद की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने दावा किया कि ईरान और हॉर्मुज क्षेत्र में बढ़ते तनाव का असर भारत की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा और आने वाले समय में बड़ा आर्थिक संकट खड़ा हो सकता है। उन्होंने कहा कि इसका सबसे ज्यादा असर गरीबों, किसानों, मजदूरों और युवाओं पर पड़ेगा। कांग्रेस नेता ने नोटबंदी और जीएसटी को लेकर भी केंद्र सरकार पर हमला बोला।

## संक्षिप्त खबरें

### सुप्रीम कोर्ट ने जातिगत जनगणना के विरुद्ध याचिका खारिज की

**नई दिल्ली ।** उच्चतम न्यायालय ने जातिगत जनगणना के विरूद्ध दायर याचिका खारिज कर दी है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि यह सरकार का नीतिगत फैसला है और इसमें हस्तक्षेप करने का कोई कारण नहीं है। याचिका में मांग की गई थी कि आगामी जनगणना में जाति आधारित गणना को शामिल न किया जाए, क्योंकि इसका दुरुपयोग हो सकता है। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि सरकार को यह जानना जरूरी है कि पिछड़ी जातियों में कितने लोग हैं, ताकि उनके कल्याण के लिए योजनाएं बनाई जा सकें।

### सीएए सूची से बाहर के लोगों को गिरफ्तार कर बीएसएफ को सौंपा जाएगा : शुभेंदु

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को अवैध घुसपैठियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का ऐलान करते हुए कहा कि जो लोग नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के दायरे में नहीं आते, उन्हें गिरफ्तार कर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के हवाले कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य में अब इस कानून को प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है।

### टेट्रा पैक में शराब बिक्री पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली ।** उच्चतम न्यायालय ने टेट्रा पैक में शराब की बिक्री के विरुद्ध दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने नोटिस जारी करने का आदेश दिया। याचिका कम्युनिटी अगेंस्ट ड्रंकेन ड्राइविंग नामक संगठन ने दायर की है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील विपिन नायर ने कहा कि टेट्रा पैक में ये कंफ्यूजन हो रहा है कि वो जूस है या शराब। टेट्रा पैक में सेव की फोटो दिखाई जाती है और पैकेट में वोदका शराब होती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान आबकारी नीति में बोतल की परिभाषा भ्रमपूर्ण है इसलिए इसकी परिभाषा स्पष्ट होनी चाहिए। याचिका में मांग की गई है कि केंद्र सरकार इस मामले पर यूनिफॉर्म नीति बनाए और राज्य और केंद्र शासित प्रदेश तत्काल शराब को टेट्रा पैक में बेचने से रोकें।

## एनएचएआई की बुलडोजर कार्रवाई पर हाईकोर्ट का ब्रेक

# बिना मुआवजा दिए घर ढहाने पर बिफरे जज, 4 हफ्ते में मांगा जवाब

संवाददाता

**रांची ।** झारखंड हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण मामले में सुनवाई करते हुए बिना जमीन अधिग्रहण किए मकान और दुकान ध्वस्त करने की राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की कार्रवाई पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। यह आदेश जस्टिस संजय प्रसाद की अदालत ने ननकी देवी व अन्य द्वारा दाखिल याचिका पर सुनवाई के बाद जारी किया। इसके साथ ही कोर्ट ने इस मामले में राज्य सरकार और एनएचएआई से जवाब तलब किया है। मामले की अगली सुनवाई अब चार सप्ताह बाद निर्धारित की गई है। अदालत में सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता सौरभ शेखर ने दलील दी कि प्रार्थी का मकान और दुकान हजारीबाग जिले के बरकट्ठा थाना क्षेत्र में स्थित है। यह इलाका नेशनल हाईवे-2 के निर्माण क्षेत्र के अंतर्गत आता है। उन्होंने कोर्ट को बताया कि प्रशासन और एनएचएआई ने उनकी जमीन का वैधानिक रूप से अधिग्रहण नहीं किया है और न ही अब तक उन्हें किसी प्रकार का मुआवजा दिया गया है। इसके बावजूद रविवार को एनएचएआई की टीम बिना किसी पूर्व नोटिस के बुलडोजर लेकर प्रार्थी का मकान और दुकान ढहाने पहुंच गई थी। उस वक्त स्थानीय लोगों और परिजनों के भारी विरोध के कारण इस कार्रवाई को अस्थायी रूप से टाल दिया गया था। याचिकाकर्ताओं ने अदालत से गुहार लगाई कि उन्हें उचित मुआवजा मिलने तक इस ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पर पूरी तरह रोक लगाई जाए, क्योंकि उन्हें डर है कि विभाग कभी भी उनके आशियाने को जमींदोज कर सकता है। हाई कोर्ट ने प्रार्थी के पक्ष को न्यायसंगत मानते हुए एनएचएआई की कार्रवाई पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी। इस फैसले से पीड़ित परिवार को बड़ी राहत मिली है।

## ऑनलाइन फार्मेसी के विरोध में दवा दुकानें बंद, राज्यभर में दिखा असर

**रांची (संवाददाता)।** ऑल इंडिया ऑर्गनाइज़ेशन ऑफ़ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स और झारखंड केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन (जेसीडीए) के संयुक्त आह्वान पर बुधवार को राजधानी रांची सहित झारखंड के अधिकांश थोक और खुदरा दवा प्रतिष्ठान बंद रहे। राष्ट्रव्यापी बंद के समर्थन में राज्यभर के दवा दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद रखीं, जिसके कारण लोगों को जरूरत पड़ने पर अस्पतालों की फार्मेसी दुकानों से दवाएं खरीदनी पड़ीं। हालांकि सरकारी और निजी अस्पतालों में संचालित मेडिकल स्टोरों को इस बंद से अलग रखा गया था, ताकि मरीजों को जरूरी दवाओं की उपलब्धता बनी रहे। झारखंड ड्रगिस्ट एंड केमिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश कार्यालय सचिव संजीव बनर्जी ने बताया कि यह बंद मुख्य रूप से तीन प्रमुख मांगों को लेकर आयोजित किया गया है और झारखंड में इसका व्यापक असर देखने को मिला। उन्होंने कहा कि आंदोलन का मुख्य उद्देश्य ऑनलाइन फार्मेसी के अनियंत्रित विस्तार तथा कॉरपोरेट कंपनियों की कथित शोषणकारी मूल्य निर्धारण नीति के खिलाफ आवाज उठाना है।

## गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित कर नफरत की राजनीति बंद करे : मदनी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष अरशद मदनी ने गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग उठा दी है, ताकि देश में इसके नाम पर होने वाली मॉब लिंचिंग, बेगुनाह इंसानों की हत्या और नफरत की राजनीति खत्म हो सके। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि देश की बहुसंख्यक आबादी गाय को केवल पवित्र ही नहीं, बल्कि गाय को मां का दर्जा भी देती है। इसके बाद यह समझ से परे है कि केंद्र सरकार आखिर कौन-सी राजनीतिक मजबूरी के कारण गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने से बच रही है। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मदनी ने जोर दिया कि गाय के नाम पर मुसलमानों को बदनाम करने का यह खेल अब बंद होना चाहिए। उन्होंने हैरानी जाहिर की कि कुछ राज्यों में खुलेआम गौमांस बेचा जाता है, लेकिन वहां इसके खिलाफ न कोई विरोध होता है और न ही किसी प्रकार की मॉब लिंचिंग देखने को मिलती है। जबकि इसके विपरीत, जहां मुसलमानों की आबादी अधिक है, वहां गाय के नाम पर खून बहाया जाता है।

# पाकुड़ : शराबी बेटे ने तलवार से कर दी पिता की हत्या

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**पाकुड़ ।** जिले के पाकुड़िया थाना क्षेत्र के गणपुरा पंचायत अंतर्गत फूलोपानी गांव में बुधवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां एक बेटे ने अपने ही वृद्ध पिता की बेरहमी से हत्या कर दी। इस घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई है तथा परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान 65 वर्षीय सोम मुर्मू के रूप में हुई है, जबकि हत्या का आरोप उनके 37 वर्षीय पुत्र रमेश मुर्मू पर है। बताया जा रहा है कि पिता-पुत्र के बीच लंबे समय से घरेलू विवाद चला आ रहा था।बुधवार सुबह करीब 03 बजे आरोपी रमेश मुर्मू शराब के नशे में घर पहुंचा और किसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया। इसके बाद उसने घर में रखी तलवार उठाकर सो रहे अपने पिता पर हमला कर दिया। आरोपी ने वृद्ध पिता के सिर पर कई बार तलवार से वार किया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। इतना ही नहीं, उसने ईंट से भी सिर कुचलने का प्रयास किया। गंभीर चोटों के कारण सोम मुर्मू की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई और लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।सूचना मिलते ही पाकुड़िया थाना प्रभारी मनोज कुमार महतो पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आरोपी रमेश मुर्मू को घर से ही गिरफ्तार कर लिया। हत्या में प्रयुक्त तलवार को भी जब्त कर लिया गया है। थाना प्रभारी मनोज कुमार महतो ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल पाकुड़ भेज दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक और भय का माहौल बना हुआ है।

## झारखंड में चार-पांच नये एयरपोर्ट बनाने की चल रही कवायद : राममोहन नायडू

संवाददाता

**रांची ।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास की अवधारणा बदली है। अब लोग ट्रेन की जगह एयरपोर्ट की मांग कर रहे हैं, क्योंकि एयरपोर्ट का मतलब केवल कनेक्टिविटी नहीं, बल्कि रोजगार और विकास है। श्री किंजरापू ने यह बातें बुधवार को रांची दौरे के क्रम में कही। उन्होंने झारखंड के हवाई बुनियादी ढांचे के विस्तार को लेकर बड़ी घोषणाएं की हैं।केंद्रीय मंत्री ने बताया कि झारखंड के पांच सांसदों ने अपने-




अपने क्षेत्रों में एयरपोर्ट की मांग की है। सरकार राज्य में चार से पांच नये एयरपोर्ट खोलने पर गंभीरता से विचार कर रही है। उन्होंने धनबाद और डालटनगंज जैसे स्थानों का जिक्र करते हुए कहा कि तकनीकी व्यवहार्यता (टेक्निकल फिजिब्लिटी) अध्ययन के बाद ही अंतिम निर्णय लिया जायेगा।

## नीट पेपर लीक : आरोपी मोटेगांवकर के कोचिंग कैंपस पर चला बुलडोजर

एजेंसी

**पुणे ।** नीट-यूजी पेपर लीक मामले में गिरफ्तार कोचिंग कारोबारी शिवराज मोटेगांवकर पर शिकंजा कंसता जा रहा है। सीबीआई की जांच के बीच, पुणे नगर निगम (पीएमसी) ने उनके आरसीसी क्लासेज कैंपस पर बड़ी कार्रवाई कर बुलडोजर चला दिया। पीएमसी ने मोटेगांवकर से जुड़ी दो संपत्तियों को सील करने के बाद यह कदम उठाया। आरोप है कि इन परिसरों पर 3.20 करोड़ रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया था और कई जगहों का इस्तेमाल बिना आवश्यक मंजूरी के हो रहा था। पुणे नगर निगम की यह कार्रवाई तब हुई है, जब पिछले हफ्ते सीबीआई ने नीट-यूजी पेपर लीक मामले में आरोपी कोचिंग संचालक मोटेगांवकर को गिरफ्तार किया था। नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार, लंबे समय से बकाया राशि जमा न होने और नियमों के उल्लंघन के बाद कार्रवाई का फैसला लिया गया। पीएमसीके भवन विभाग ने जेएम रोड स्थित बोरावके बिल्डिंग की पहली मंजिल पर मौजूद एक दुकान को भी सील किया है।



# रांची एयरपोर्ट पर अब 10 रुपये में मिलेगा चाय-नाश्ता : मंत्री

संताल एक्सप्रेस

**रांची।** रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर बुधवार को यात्री सुविधाओं की शुरुआत हुई। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू किंजरापु ने यहांभगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा सहित विशेषता दीवार, उड़ान यात्री कैफे, अवसर पटल, बाल मनोरंजन क्षेत्र और पुस्तकालय का उद्घाटन किया। इस मौके पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, नागरिक उड्डयन विभाग के संयुक्त सचिव असंगबा चूबा आओ, रांची महापौर रोशनी खलखो, राज्यसभा सांसद महुआ माजी और विधायक नवीन जायसवाल उपस्थित रहे।उड़ान भोजनालय में अब यात्रियों को 10 रुपए में चाय, 20 रुपए में कॉफी और 10 रुपए में स्नैक्स मिलेगा। इसकी शुरुआत एक साल पहले कोलकाता में हुई थी, जिसकी सफलता के बाद देश के अलग-अलग एयरपोर्ट पर इसकी शुरुआत की जा रही है। दुकान से स्वयं सहायता समूहों के कारीगर स्थानीय उत्पादों और सोहराय चित्रकला को बेच सकेंगे, जिसकी मांग यूरोप तक है। चलती पुस्तकालय से यात्री मुफ्त में किताबें लेकर सफर में पढ़ सकते हैं और उसे गंतव्य हवाई अड्डे पर छोड़ सकते हैं।केंद्रीय मंत्री राममोहन नायडू ने कहा कि झारखंड



अब भविष्य की भूमि के रूप में पहचान बना रहा है। पिछले 10 वर्षों में देश में हवाई अड्डों की संख्या दोगुनी होकर 165 हो गई है। नागरिक उड्डयन विभाग को पहली बार 29 हजार करोड़ रुपये का बजट मिला है। इसके तहत अगले 10 साल में देश में 100 नए हवाई अड्डे और 200 नए हेलीपैड बनाए जाएंगे।मौके पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची से वाराणसी, गुवाहाटी और रायपुर के लिए सीधी हवाई सेवा शुरू करने की मांग की। उन्होंने रांची हवाई अड्डे के विस्थापितों को रोजगार देने और उनकी समस्याओं के समाधान पर जोर दिया। इसके अतिरिक्त उन्होंने दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल-3 से टर्मिनल-2 तक यात्रियों के लिए एक स्वचालित लिफ्ट बनाने की मांग भी केंद्रीय मंत्री के समक्ष रखी।रांची हवाई अड्डे को जल्द पूर्ण अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बनाया जाएगा और इसे देश की सभी राजधानियों से जोड़ा जाएगा।

# समय पर सड़क निर्माण न करनेवाले एजेंसी-टेकेदार होंगे डिबार : दीपिका पांडेय

संताल एक्सप्रेस

**रांची ।** ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सड़क निर्माण कार्य समय पर पूरा नहीं करने वाली एजेंसियों और संवेदकों को डिबार किया जाएगा। भविष्य में उन्हें नए कार्य आवंटित करना मुश्किल होगा।

मंत्री बुधवार को रांची स्थित झारखंड सिविल सर्विस ऑफिसर्स इंस्टीट्यूट के सभागार में आयोजित ग्रामीण विकास एवं ग्रामीण कार्य विभाग की समीक्षात्मसक बैठक में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थी। इस दौरान मंत्री ने लंबित योजनाओं पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को राज्य स्तर पर ऐसी एजेंसियों की सूची तैयार करने का भी निर्देश



दिया। मंत्री ने सड़क और पुल निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं करने की बात कही। साथ ही विधायकों द्वारा भेजी गई शिकायतों पर समयबद्ध कार्रवाई और बारिश से पहले क्षतिग्रस्त पुलों की सूची तैयार कर मरम्मत कार्य तेज करने का निर्देश दिया।समीक्षा बैठक में सामने आया कि कई जिलों में सड़क और पुल निर्माण योजनाएं लंबे समय से अधूरी हैं।

मंत्री ने कहा कि काम में देरी कर रेट रिवीजन का लाभ लेने की प्रवृत्ति को गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रेट रिवीजन वाली योजनाओं की भी समीक्षा की जाए तथा दोषी एजेंसियों पर कार्रवाई सुनिश्चित हो।

ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा के दौरान राज्य के छह जिलों में पलाश मार्ट निर्माण के लिए जमीन चिन्हित करने की प्रक्रिया तेज करने को कहा गया। मंत्री ने स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को उद्यमिता से जोड़ने पर जोर दिया। अबुआ आवास योजना के तहत लाभुकों को अंतिम किस्त का भुगतान कर आवास निर्माण पूरा कराने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में ग्रामीण विकास सचिव मनोज कुमार, मनरेगा आयुक्त मृत्युंजय बरनवाल सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# झारखंड में 201 डीएसपी का तबादला

**रांची।** झारखंड के पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल किया गया है। राज्य सरकार ने बुधवार को एक साथ 201 डीएसपी का तबादला किया है। रांची में भी कई महत्वपूर्ण पदों पर नए डीएसपी योगदान देंगे।गृह विभाग ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। तबादले की लिस्ट में कई ऐसे डीएसपी हैं, जो लंबे समय से एक ही स्थान पर पदस्थापित थे। विभाग ने उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपी है।वहीं, कई पुलिस पदाधिकारी ऐसे भी हैं, जो काफी समय से पोस्टिंग के इंतजार में थे, उन सभी को पोस्टिंग दी गई है। तबादला किये गये अधिकारियों में नीरज कुमार को डीएसपी, हटिया (रांची), दीपक कुमार को डीएसपी, बेड़ो (रांची), मनीष चंद्र लाल को डीएसपी, सिल्ली (रांची), अजय आयर्न को मुख्यालय 2, रांची रामाकांत रजक को ट्रैफिक 1, रांची, ताराश सोरेन को यातायात 2, रांची, प्रदीप कुमार को डीएसपी (साइबर), रांची, प्रकाश सोय को डीएसपी (विधि व्यवस्था), धनबाद, कुमार विनोद को डीएसपी (मु0 1), धनबाद, प्रदीप कुमार साव को डीएसपी, सीसीआर, धनबाद, नाजीर अख्तर को डीएसपी (मु0 2), धनबाद, रोहित कुमार साव को डीएसपी (यातायात), धनबाद, अजित कुमार विमल को एसडीपीओ, बाघमारा, लिलेश्वर महतो को एसडीपीओ, निरसा, प्रकाश चन्द्र महतो को एसडीपीओ, सिंदरी, राजीव रंजन को सिटी डीएसपी, बोकारो, अजय प्रसाद को ट्रैफिक डीएसपी, बोकारो, पवन कुमार को डीएसपी (मु0), बोकारो, राम प्रवेश कुमार को सीसीआर, बोकारो, रविन्द्र कुमार सिंह को एसडीपीओ, बेरमो, दयानन्द कुमार को डीएसपी, पटमदा, संजीव कुमार को डीएसपी (नगर), जमशेदपुर, मनोज कुमार को डीएसपी (मु0 2), जमशेदपुर, सुमित कुमार को डीएसपी (विधि व्यवस्था), जमशेदपुर, विकास आनंद लागुरी को एसडीपीओ, घाटशिला, अनुभव भारद्वाज को एसडीपीओ, सरायकेला, दूसरू बानसिंह को डीएसपी (मु0), सरायकेला शिव प्रकाश कुमार को एसडीपीओ, चांडिल, अमित कुमार को एएसपी (अभियान), हजारीबाग, रूपक कुमार सिंह को एसडीपीओ (सदर), हजारीबाग, अरमानुल हक को सीसीआर, हजारीबाग, ज्ञान रंजन को डीएसपी (मु0 2), हजारीबाग, फैजान अहमद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिष्णुगढ़, राधा प्रेम किशोर को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बरही, सुनील कुमार सिंह डीएसपी, चतरा सहित अन्य का नाम शामिल है।

# साहिबगंज जिला कांग्रेस की 50 सदस्यीय नई कार्यकारिणी गठित

संताल एक्सप्रेस

**साहिबगंज।** जिला कांग्रेस कमिटी की 50 सदस्यीय नई कार्यकारिणी का भव्य नियुक्ति पत्र वितरण समारोह बुधवार को उत्सव बैंक्विट हॉल साहिबगंज में संपन्न हुआ.कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान ने की.जबकि मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष सह साहिबगंज जिला प्रभारी डॉ मुन्नम संजय उपस्थित रहे. इस अवसर पर जिले के सभी 50



नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए एवं प्रदेश के नवनियुक्त कोऑर्डिनेटर अनुकूल मिश्रा एवं प्रदेश सह सचिव हीरालाल साह को फूल बुके एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया.

# प्रभावित क्षेत्रों के विकास में खर्च हो सीएसआर फंड : उद्योग मंत्री



**रांची।** झारखंड के उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) फंड का उपयोग उन क्षेत्रों के लोगों के विकास में किया जाना चाहिए, जो कारखाने और खदानों से प्रदूषण, भूमि अधिग्रहण और अन्य कारणों से प्रभावित होते हैं। उन्होंने कंपनियों से यह सुनिश्चित करने की अपील की कि सीएसआर राशि का सीधा लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंचे। उद्योग मंत्री ने इस मौके पर कहा कि लोगों में यह विश्वास होना चाहिए कि सीएसआर फंड से उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की प्राथमिकता राज्य और यहां के लोगों का विकास है।

# विकेन्द्रित उत्पादन से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलती है मजबूतीः कल्पना सोरेन



**रांची।** झारखंड के गांडेय विधानसभा क्षेत्र की विधायक कल्पना सोरेन ने महिलाओं की सामूहिक शक्ति, आत्मनिर्भरता और सहयोग की भावना को रेखांकित करते हुए बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक विचारोत्तेजक संदेश साझा किया। अपने पोस्ट में उन्होंने संघे शक्ति कलियुगे की अवधारणा का उल्लेख करते हुए प्रसिद्ध सहकारी संस्था महिला गृह उद्योग लिज्जत पापड़' को महिला सशक्तिकरण का जीवंत और प्रेरणादायक उदाहरण बताया।उन्होंने कहा कि लिज्जत पापड़ केवल एक व्यावसायिक संस्था नहीं, बल्कि महिलाओं के सामूहिक प्रयास, आत्मविश्वास और आर्थिक स्वावलंबन का सफल आंदोलन है ।

# ऑनलाइन फार्मेसी और कॉरपोरेट नीति के विरोध में दवा दुकानें बंद




**रांची।** ऑल इंडिया ऑर्गनाइज़ेशन ऑफ़ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स और झारखंड केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन (जेसीडीए) के संयुक्त आह्वान पर बुधवार को राजधानी रांची सहित झारखंड के अधिकांश थोक और खुदरा दवा प्रतिष्ठान बंद रहे। राष्ट्रव्यापी बंद के समर्थन में राज्यभर के दवा दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद रखीं, जिसके कारण लोगों को जरूरत पड़ने पर अस्पतालों की फार्मेसी दुकानों से दवाएं खरीदनी पड़ीं। हालांकि सरकारी और निजी अस्पतालों में संचालित मेडिकल स्टोरों को इस बंद से अलग रखा गया था, ताकि मरीजों को जरूरी दवाओं की उपलब्धता बनी रहे।

## किसानों की समस्याओं को लेकर भाजपा का धरना

**बरहेट।** बरहेट प्रखंड भाजपा द्वारा किसानों एवं जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर मंगलवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया.धरना कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा प्रखंड अध्यक्ष मनीष भारती ने किया..धरना प्रदर्शन के बाद भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने प्रखंड विकास पदाधिकारी अंशु कुमार पांडे को झारखंड के राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन के माध्यम से राज्यपाल को प्रदेश के किसानों की समस्याओं, जनभावनाओं एवं क्षेत्र की लंबित मांगों से अवगत कराया गया.मौके पर पूर्व प्रत्याशी सह भाजपा नेता गमालिएल हेम्ब्रम, जिला उपाध्यक्ष रमिता तिवारी , प्रखंड उपाध्यक्ष अर्पणा बनर्जी, प्रखंड अल्पसंख्यक अध्यक्ष हामिद अंसारी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे.

# देवघर कॉलेज में क्लस्टर सिस्टम के विरोध में जोरदार प्रदर्शन

**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** देवघर महाविद्यालय परिसर में छात्र नेता गौरव झा और प्रीतम राय के नेतृत्व में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन कर प्रस्तावित क्लस्टर सिस्टम का जोरदार विरोध किया गया। छात्र नेताओं ने इसे छात्र हितों के विरुद्ध बताते हुए तत्काल वापस लेने की मांग की। इस दौरान छात्र नेता शुभम कुमार ने कहा कि झारखंड के विश्वविद्यालयों में लागू किए जाने वाले क्लस्टर सिस्टम के तहत एक ही कैंपस में उपलब्ध विषयों को अलग-अलग महाविद्यालयों में विभाजित कर दिया जाएगा,जिससे विद्यार्थियों को अपनी पसंद और सुविधा के अनुसार अध्ययन करने में कठिनाई होगी। कार्यक्रम में विनय राय, सूरज चौधरी, अभिजीत सिंह, सौरभ सिंह राजपूत, अभिषेक सिंह, रोशन कुमार राय, ओम झा, प्रशांत कुमार, राहुल यादव, अंकित और मनोज टुडू सहित कई छात्र कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# धनबाद में क्लस्टर सिस्टम के विरोध में छात्र संघ का प्रदर्शन

संताल एक्सप्रेस

**धनबाद।** राज्य के कॉलेजों में छात्रों के लिए क्लस्टर सिस्टम लागू करने के विरोध में बुधवार को आजसू छात्र संघ ने मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका। आजसू छात्र संघ के सदस्य रणधीर वर्मा चौक पर जुटे। प्रदर्शन किया। राज्य सरकार के विरोध में नारेबाजी की। आजसू छात्र संघ के विशाल महतो ने कहा कि क्लस्टर सिस्टम लागू होने से छात्रों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस व्यवस्था से शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है और ग्रामीण एवं दूर-दराज के छात्रों को अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। छात्र नेताओं विशाल महतो ने सरकार से जल्द क्लस्टर सिस्टम वापस लेने की मांग की। पीयूष कुमार ने कहा



कि क्लस्टर सिस्टम आने से छात्रों को और अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है छात्र दूर दराज से आते हैं सरकार को शिक्षक बहाल करना चाहिए ताकि छात्र को अपने ही क्षेत्र में अपनी पढ़ाई पूरी कर सके। क्या है कलस्टर सिस्टमकई कॉलेजों में कुछ विषयों के शिक्षक नहीं है लेकिन छात्रों का नामांकन शिक्षक विहीन विषयों में भी लिया जाता है। कलस्टर व्यवस्था के अनुसार शिक्षक विहीन कॉलेज के छात्रों को किसी दूसरे कॉलेज, जहां संबंधित विषयों के शिक्षक हैं वहां क्लास के लिए भेज दिया जाता है।

# रांची टेंडर घोटाला मामलें में आरोपित इंजीनियर का आत्मसमर्पण, मिली जमानत

**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग में टेंडर घोटाले से जुड़े धन शोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) मामले में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम सामने आया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच के दायरे में आए अधिशाषी अभियंता सिद्धांत कुमार ने बुधवार को रांची सिविल कोर्ट स्थित पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) की विशेष अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण के तुरंत बाद अदालत ने उन्हें राहत देते हुए सशर्त जमानत प्रदान कर दी।अदालत ने जमानत देते हुए शर्तें लागू कीं, जिनमें एक लाख रुपये का निजी मुचलका, पासपोर्ट जमा करना तथा अदालत की पूर्व अनुमति के बिना देश से बाहर न जाने का निर्देश शामिल है।इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय का आरोप है कि ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत टेंडर प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं बरती गईं। जांच एजेंसी के अनुसार, ठेके आवंटन में नियमों की अनदेखी, मिलीभगत और कमीशनखोरी के जरिए बड़े पैमाने पर वित्तीय गड़बड़ी को अंजाम दिया गया, जिससे सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचा।ईडी ने इस मामले में पहले ही कई अधिकारियों और ठेकेदारों को जांच के दायरे में लिया है। हाल ही में एजेंसी ने प्रमोद कुमार सहित कुल 14 आरोपितों के खिलाफ पूरक आरोप पत्र (सप्लीमेंट्री चार्जशीट) दाखिल किया था, जिसके बाद अदालत ने सभी आरोपितों को समन जारी किया था।यह मामला नया नहीं है। ईडी ने वर्ष 2023 में पहली बार इस कथित घोटाले को लेकर बड़ी कार्रवाई करते हुए कई इंजीनियरों और ठेकेदारों के ठिकानों पर छापेमारी की थी।चार्जशीट दाखिल होने के बाद इस मामले में कई अन्य आरोपित भी अदालत में आत्मसमर्पण कर चुके हैं। इनमें से अधिकांश को शर्तों के साथ जमानत मिल चुकी है।

# युवा राजद ने की बैठक,संगठन विस्तार को लेकर बनाई रणनीति



**साहिबगंज।** झारखंड प्रदेश युवा राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष रंजन कुमार के द्वारा चलाए जा रहे युवा संवाद चौपाल कार्यक्रम के तहत् साहिबगंज परिसदन मे युवा राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष मो सद्दाम हुसैन की अध्यक्षता में युवा संवाद चोपाल कार्यक्रम का आयोजन .कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार,झारखंड प्रदेश सह प्रभारी युवा राष्ट्रीय जनता दल के क्षितिज मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रदेश प्रवक्ता कमलेश यादव मौजूद थे.कार्यक्रम में मंच संचालन मुन्ना यादव ने किया.जिला अध्यक्ष ने प्रदेश अध्यक्ष,प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदेश महासचिव सह प्रभारी सहित सभी पदाधिकारी को पुष्प माला देकर स्वागत किया.

# भ्रष्टाचार और किसान मुद्दों को लेकर भाजपा का धरना-प्रदर्शन

**उधवा।** प्रखंड सह अंचल परिसर में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी की ओर से भ्रष्टाचार, किसान समस्याओं एवं विभिन्न मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया. धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता राधानगर मंडल अध्यक्ष उदय मंडल एवं उधवा मंडल अध्यक्ष पिंटु घोष ऊर्फ कालु की अध्यक्षता में किया गया. धरना के दौरान पार्टी नेताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा भ्रष्टाचार और किसान विरोधी नीतियों को लेकर सरकार पर निशाना साधा. मंच का संचालन राधानगर मंडल महामंत्री कमलेश कुमार मंडल ने किया.

## वित्त आयोग की राशि के सदुपयोग पर चर्चा

**राजमहल।** राजमहल प्रखंड कार्यालय में बुधवार को प्रखंड प्रमुख लक्ष्मी उरांव की अध्यक्षता में पंचायत समिति की बैठक हुई. बैठक में मुख्य रूप से 15 वें वित्त आयोग की राशि के सदुपयोग और विकास योजनाओं के चयन पर चर्चा हुई. बैठक में उपस्थित सभी पंचायत समिति सदस्यों ने सर्वसम्मति से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास हेतु नई योजनाओं को मंजूरी दी. प्रमुख लक्ष्मी उरांव और बीडीओ मो यूसुफ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी चयनित योजनाओं का काम पूरी पारदर्शिता और उच्च गुणवत्ता के साथ समय पर शुरू कराया जाए.

# धनबाद पुलिस को मिली 45 नई बाइक



**धनबाद।** जिले की पुलिसिंग और अधिक मजबूत होगी। अपराध पर भी नियंत्रण होगा। इन सबके लिए जिले को 45 नई हाई टेक बाइक धनबाद को मिली है। राज्य सरकार के लिए जनता की सुरक्षा पहली प्राथमिकता है। उक्त बातें डीसी आदित्य रंजन ने कही। बुधवार को धनबाद पुलिस लाइन में समारोह आयोजित कर हाई टेक बाइक पुलिसिंग की शुरुआत की गई। डीसी आदित्य रंजन तथा एसएसपी प्रभात कुमार ने समारोह का उद्घाटन किया। बाइक चला कर बाइक पुलिसिंग की शुरुआत की। मौके पर ग्रामीण एसपी एस मोहम्मद याकूब, डीएसपी विधि व्यवस्था नौशाद आलम, डीएसपी मुख्यालय धीरेन्द्र नारायण बंका, डीएसपी सीसीआर सुमित कुमार, डीएसपी मुख्यालय शंकर कामती, सार्जेन्ट मेजर विनोद कुजूर, सार्जेन्ट लक्ष्मण मेहता सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी व जवान मौजूद थे।

# केवीआईसी ने विश्व मधुमक्खी दिवस 2026 वर्चुअल माध्यम से मनाया



**रांची /दिल्ली ।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग , सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार ने बुधवार को मुख्यालय, मुंबई के साथ-साथ अपने देशभर के राज्य एवं मंडलीय कार्यालयों तथा केंद्रीय मधुमक्खी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान , पुणे में 'विश्व मधुमक्खी दिवस-2026' के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन वर्चुअल माध्यम से किया। नई दिल्ली स्थित केवीआईसी के गांधी दर्शन कार्यालय से अध्यक्ष, केवीआईसी मनोज कुमार ने देशभर के केवीआईसी कार्यालयों, मधुमक्खी पालकों, लाभार्थियों, वैज्ञानिकों, विद्यार्थियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। इस अवसर पर सीबीआरटीआई, पुणे में आयोजित 'हनी प्रदर्शनी' का शुभारंभ भी अध्यक्ष, केवीआईसी मनोज कुमार ने वर्चुअल माध्यम से किया। इससे न केवल अनावश्यक यात्रा और ईंधन की खपत में कमी आई, बल्कि देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में प्रतिभागियों की सहभागिता भी सुनिश्चित हुई।अध्यक्ष केवीआईसी ने आगे कहा कि आज जब पूरी दुनिया मधुमक्खियों के संरक्षण की चिंता कर रही है।

# दुमका में यंग उड़ान ने किया सर अभियान का जोरदार समर्थन



**दुमका।** प्रतिष्ठित सामाजिक युवा संस्था यंग उड़ान ने लोकतंत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से चल रहे सर अभियान को अपना पूर्ण समर्थन दिया है। संस्था के अध्यक्ष जतिन कुमार ने मतदाता सूची की शुद्धता और पारदर्शिता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि एक सशक्त लोकतंत्र के लिए स्वच्छ मतदाता सूची का होना बेहद जरूरी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस महत्वपूर्ण अभियान के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि देश का कोई भी वास्तविक मतदाता अपने सबसे बड़े अधिकार यानी मतदान से वंचित न रहे। इसके साथ ही, मतदाता सूची में किसी भी तरह के फर्जी नाम या घुसपैठियों को शामिल होने से पूरी तरह रोका जा सकेगा।जतिन कुमार ने आगे कहा कि स्ढ्क्र अभियान महज एक प्रशासनिक औपचारिकता नहीं है, बल्कि यह लोकतंत्र को जमीनी स्तर पर मजबूत करने वाला एक बड़ा जनअभियान है। इसमें समाज के हर वर्ग, विशेषकर महिलाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी होना अनिवार्य है।इस मौके पर संस्था के अन्य सदस्यों ने भी अपने विचार साझा किए।

# ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में मधुपुर की दवा दूकानें बंद




**मधुपुर ।** ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के आह्वान पर बुधवार को मधुपुर अनुमंडल में दवा दुकानदारों का भारत बंद पूरी तरह सफल रहा। बंद का असर पूरे मधुपुर अनुमंडल क्षेत्र में स्पष्ट रूप से देखने को मिला। शहर के सभी थोक एवं खुदरा दवा विक्रेताओं ने अपनी दुकानें बंद रखीं और केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध जताया। सुबह से ही मधुपुर बाजार की मेडिकल दुकानें बंद रहीं, जिससे बाजार में सामान्य दिनों की अपेक्षा कम चहल-पहल दिखाई दी। दवा व्यवसायियों ने कहा कि ऑनलाइन दवा बिक्री से छोटे व्यापारियों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। साथ ही बिना उचित निगरानी के ऑनलाइन माध्यम से दवाओं की बिक्री आम लोगों के स्वास्थ्य के लिए भी खतरा बन सकती है। दवा व्यवसायियों की प्रमुख मांगों में ऑनलाइन दवा बिक्री पर तत्काल रोक शामिल है।

# कोयला के अवैध धंधेबाजों के विरोध में ग्रामीणों ने खोला मोर्चा



**कतरास।** रामकनाली क्षेत्र में अवैध कोयला का कारोबार का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। ग्रामीणों ने अवैध धंधेबाजों के विरोध में मोर्चा खोल दिया है। बुधवार को मुखिया के नेतृत्व में आंदोलन शुरू किया। रामकनाली ओपी में ग्रामीण जुटे और अवैध कारोबार पर रोक लगाने की मांग की। कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। ग्रामीणों का कहना है कि अवैध उत्खनन थमने का नाम नहीं ले रहा है,बुधवार को रामकनाली ओपी क्षेत्र के केसलपुर में झीझीपहाडी व जमुआटांड पंचायत के मुखिया प्रेमलता देवी व निरंजन गोप ने केसलपुर सहित कई जगह पर अवैध धंधेबाजों के विरोध में अभियान चलाया। इसमें बड़ी संख्या में स्थानीय महिला- पुरुष शामिल थे। सभी ने क्षेत्र में घूम- घूमकर लोगों को जागरूक किया। इस दौरान अवैध खनन स्थल भी गये और लोगों को अवैध खनन बंद करने की बात कही। चेतावनी दी कि अगर अवैध उत्खनन होगा तो हमलोग सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को बाध्य होंगे।इधर आंदोलन की जानकारी मिलने पर धंधेबाजो ने एक दर्जन से अधिक बम जैसे धमाके किए। लोगों को कहना था कि यह सुतली बम की धमाका है। उसके बाद मुखिया व अभियान मे शामिल सभी लोग रामकनाली ओपी गये और अवैध उत्खनन बंद कराने को जानकारी दी। लोगों को कहना था कि अवैध खनन होने से भू - धसान की आशंका बनी रहती है। कई गरीब गुरुबा लोग आवास बनाकर रहते हैं जिसके समक्ष खतरा बना हुआ है। मुखिया प्रेमलता देवी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि अवैध उत्खनन पर रोक लगाने की मांग को लेकर हम लोगों ने पूर्व में भी आंदोलन किया था। कतरास महाप्रबंधक सहित धनबाद उपायुक्त को पत्र सौपा था, लेकिन कोई लाभ नहीं मिला धंधेबाज पुनः सक्रिय हो गए और धंधा शुरू कर दिया। अब तो केसलपुर भी टंडाबाड़ी बने जा रहा है।

## धनबाद में डीएसपी का तबादला, नए की तैनाती

**धनबाद।** धनबाद जिले के सभी डीएसपी का तबादला कर दिया गया है। उनके स्थानों पर नए डीएसपी के तैनाती कर दी गई है। राज्य स्तर पर इसके लिए आदेश जारी किया गया है। झारखंड के गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने 201 पुलिस उपाधीक्षकों के स्थानांतरण और पदस्थापन की अधिसूचना बुधवार को जारी की है।जारी आदेश के अनुसार कुमार विनोद को डीएसपी, प्रदीप कुमार साव को डीएसपी सीसीआर, प्रकाश सोय को पुलिस उपाधीक्षक विधि-व्यवस्था और नाजीर अख्तर को पुलिस उपाधीक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं रोहित कुमार साव को यातायात डीएसपी बनाया गया है।सबसे अहम बदलाव अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों के स्तर पर देखने को मिला है। अजित कुमार विमल को बरही से बाघमारा एसडीपीओ, लिलेश्वर महतो को निरसा एसडीपीओ, और प्रकाश चंद्र महतो को सिंदरी एसडीपीओ पद पर तैनात किया गया है।

# हाजीपुर में वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक सम्मेलन का आयोजन




**हाजीपुर ।** बुधवार को पूर्व मध्य रेलवे के मुख्यालय, हाजीपुर स्थित नए सम्मेलन कक्ष में लेखा विभाग द्वारा वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह, अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार, प्रधान वित्त सलाहकार नीरज वर्मा, प्रधान वित्त सलाहकार/निर्माण वंदना शर्मा सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, विभिन्न मंडलों एवं इकाइयों से आए वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक तथा लेखा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।सम्मेलन के मुख्य अतिथि 1988 बैच के सेवानिवृत्त आईआरएएस अधिकारी संतोष कुमार पट्टनायक थे। सम्मेलन में पूर्व मध्य रेलवे की वित्तीय स्थिति एवं विभिन्न समसामयिक विषयों पर विस्तृत परिचर्चा की गई।इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक/समस्तीपुर गणनाथ झा द्वारा स्ट्रीमलाइनिंग ऑफ रिलिज्ड मटेरियल इश्यू विषय पर प्रस्तुतीकरण दिया गया। वहीं मंडल वित्त प्रबंधक/धनबाद हर्षवर्द्धन सिंह ने कोल पायलट पॉलिसी तथा मंडल वित्त प्रबंधक/सोनपुर मनीष कुमार ने मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक विषय पर प्रस्तुतीकरण दिया।मुख्य अतिथि पट्टनायक ने ग्रीन फाइनेंसिंग विषय पर व्याख्यान देते हुए पारंपरिक वित्तपोषण एवं ग्रीन फाइनेंसिंग के बीच अंतर स्पष्ट किया।उन्होंने यह भी कहा कि भारत सरकार द्वारा निर्धारित वर्ष 2070 तक नेट जीरो लक्ष्य प्राप्त करने हेतु रेलवे को सक्रिय रूप से कार्य करना होगा। साथ ही उन्होंने वित्त अधिकारियों को रेल परियोजनाओं में ग्रीन फाइनेंसिंग की व्यापक संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

# एसबीयू में प्लेसमेंट ड्राइव, मिल रहा नामी गिरामी कंपनियों में जॉब का मौका



**रांची ।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को एक बार फिर बेहतर पैकेज पर जॉब मिला है। हाल ही में वर्ष 2025 एवं 2026 बैच के विद्यार्थियों के लिए टीसीएस आयोजित कैंपस भर्ती प्रक्रिया में विवि के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इस ड्राइव में अन्यान्य महाविद्यालयों एवं संस्थानों के विद्यार्थियों की भी सहभागिता रही।एसबीयू के माननीय प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, माननीय महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक, माननीय कुलपति प्रो सी जगनाथन एवं माननीय राज्यसभा सांसद सह निदेशक प्लानिंग एंड डेवलपमेंट डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने प्लेसमेंट प्रक्रिया में बड़ी संख्या में छात्रों के चयन पर हर्ष व्यक्त किया एवं उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

# विद्यालय में 200 दादा-दादी और नाना- नानी का किया गया सम्मान

**राजमहल।** राजमहल नगर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विद्यालय के वंदना सभा में बुधवार को दादा-दादी व नाना-नानी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य मिथिलेश कुमार सिंह, अभिभावक स्वेता कुमारी द्वारा दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन कर किया गया. इस अवसर पर कक्षा अरुण से लेकर कक्षा दशम तक के भैया बहनों के दादा- दादी व नाना-नानी को बुलाया गया.और चरण धोकर तथा पुष्पार्चन कर सम्मान किया गया.

पूर्व रेलवे

**ठिका खोबोर सं.: ईएल-21-26, माहित 19.05.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युतअभियंता (सामान्य), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 होतेते नामडाक ठिकादारको जाहांय ठेन चालु विद्युत ठिकादार रेयाक् लाइसेंस मेनाक्आ आर लातार रे ओलाकान कामी पुराउ रे काउडी ते दाड़े मेनाक्कोआ, ठेन खोन ई-ठिका नेवतायेत् कानाः **कामी रेयाक् जुतुम आर नोआ रेयाक्** जायगाः आसलसोल मंडल-वरिष्ठ डीईएन/III/आसनसोल रेयाक् खंड रे बाईउआरोय आधार रे गलसी स्टेशन रे नावां एफ़ओबी बेबोसताय। ठिका रेयाक् पूंजीः रु.14,53,321.90, **ठिका कागोच रेयाक् गोनोमः** शून्य। **बायना पायसाः** रु. 29,100/-, **कामी पुराउ रेयाक् सोमोयः** 12 चान्दो। **बोंदोक् आर झिजुक् रेयाक् तारीक आर सोमोयः** माहित 12.06.2026 हिलोक् 11.00 बजे। पुराउ बानाडाय दो रेलवे रेयाक् वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** रे ञेल दाड़ेयाक्आ।

ASN-100/2026-27

ठिका खोबोर दो वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** रे हों बेबोसता आकान

नोंडे पांजालेपेः @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# गोड्डा में ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में बंदी का दिखा असर, सभी दवा दुकानें रहीं बंद

**संताल एक्सप्रेस**

**गोड्डा ।** ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में बुधवार को राष्ट्रव्यापी मेडिकल बंद का असर गोड्डा जिले में व्यापक रूप से देखने को मिला। अखिल भारतीय मेडिकल एसोसिएशन के आह्वान पर जिले भर के मेडिकल व्यवसायियों ने अपनी दुकानें पूरी तरह बंद रखीं। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक अधिकांश दवा दुकानें बंद रहीं, इस कारणद वा खरीदने के लिए कई लोगों को इधर उधर निराश घूमता देखा गया। गोड्डा केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के नेतृत्व में जिले के दवा विक्रेताओं ने इस बंदी को सफल बनाया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि ऑनलाइन दवा बिक्री से पारंपरिक मेडिकल व्यवसाय पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है और इससे दवा वितरण व्यवस्था की विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। इसी के विरोध में यह राष्ट्रव्यापी आंदोलन किया गया।उन्होंने बताया कि बंदी के




आह्वान से पूर्व बीते पांच दिनों 15 मई से 19 मई तक जिले के मेडिकल स्टोर संचालकों ने काला बिल्ला लगाकर विरोध जताते हुए दुकानें संचालित की थीं। इसके बाद बुधवार 20 मई को एकजुटता दिखाते हुए सभी दुकानों को पूर्णतः बंद रखा गया। वहीं एसोसिएशन के अध्यक्ष ने कहा कि यह आंदोलन दवा व्यवसायियों के अधिकारों की रक्षा और ऑनलाइन दवा बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण की मांग को लेकर किया गया है। उन्होंने सभी मेडिकल व्यवसायियों के सहयोग के लिए आभार जताते हुए कहा कि व्यवसायियों की एकता से ही उनकी आवाज सरकार तक मजबूती से पहुंचेगी।

## जामताड़ा पुलिस महकमे में प्रशासनिक फेरबदल , चार नए अधिकारियों की एंट्री

**जामताड़ा।** जिले के पुलिस प्रशासनिक ढांचे में महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए चार नए पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती की गई है। इस प्रशासनिक पुनर्व्यवस्था के तहत जामताड़ा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) और नाला अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के तबादले के साथ नए अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस बदलाव को जिले की कानून व्यवस्था और पुलिसिंग व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।नई पदस्थापना के अनुसार वसीम राजा को जामताड़ा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) बनाया गया है। वहीं नीलम कुजुर को डीएसपी मुख्यालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। साइबर अपराध के लिए चर्चित जामताड़ा जिले में साइबर गतिविधियों पर निगरानी को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से अमित रविदास को डीएसपी साइबर के रूप में पदस्थापित किया गया है।

## राजस्व से आपदा प्रबंधन तक डीसी ने की समीक्षा

**जामताड़ा।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय एवं उपायुक्त कार्यालय में लगातार कई महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठकों का आयोजन किया गया। बैठकों में राजस्व संग्रहण, निबंधन कार्य, आपदा प्रबंधन, लंबित मामलों के निष्पादन और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।जिला अवर निबंधक कार्यालय की समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने राजस्व संग्रहण, निबंधन कार्य, लंबित न्यायालयीन मामले, दस्तावेजों की स्कैनिंग, विवाह निबंधन, फ्लैट निबंधन और सेवा आभार शुल्क सहित कई बिंदुओं की समीक्षा की। निबंधन भवन की जर्जर स्थिति पर चिंता जताते हुए उन्होंने कार्यालय को नव निर्मित अनुमंडल कार्यालय में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया। बैठक में पूनम कच्छप और पंकज कुमार रवि मौजूद रहे।वहीं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार समिति की बैठक में प्राकृतिक आपदाओं से जुड़े कुल 17 मामलों की समीक्षा की गई। इनमें डूबने, वज्रपात, सर्पदंश और अतिवृष्टि से मकान क्षति के मामले शामिल रहे। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि आपदा पीड़ित परिवारों को अनुग्रह राशि से संबंधित दस्तावेजों की जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जाए ताकि उन्हें अनावश्यक परेशानी न हो। बैठक में दीपिका बेसरा, निरंजन कुमार, पूनम कच्छप, अनंत कुमार और संतोष कुमार घोष उपस्थित रहे।राजस्व समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने विभागवार वसूली, म्यूटेशन, भू-राजस्व, लंबित ई-कोर्ट मामलों और बालू घाट बंदोबस्ती की समीक्षा की। इस दौरान विकास आनंद लांगुरी, सत्यप्रकाश, मुकेश कुमार, रितु रंजन सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण पर डीसी सख्त

**जामताड़ा।**जामताड़ा में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आलोक कुमार की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें पुनरीक्षण से जुड़ी गतिविधियों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई।बैठक में वर्ष 2026 की मतदाता सूची की वर्ष 2003 के गहन पुनरीक्षण सूची से मैपिंग, अनमैप्ड मतदाताओं की स्थिति, एएसडीडी (अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत एवं डुप्लीकेट मतदाता) के अंतिम सत्यापन, बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण, प्रपत्रों के निष्पादन और बीएलए-2 प्रशिक्षण जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई।उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी प्रक्रिया भयमुक्त, पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से पूरी की जाए। उन्होंने कहा कि एएसडीडी सूची में मतदाताओं को शामिल करने से पहले हर मामले का सावधानीपूर्वक सत्यापन अनिवार्य रूप से किया जाए।बैठक में पूनम कच्छप, अनंत कुमार, विजय कुमार सहित संबंधित एआरओ, अंचल अधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## वज्रपात की चपेट में आने से एक युवक और दो गायों की मौत

**करमाटांड़ ।** करमाटांड़ प्रखंड क्षेत्र के तिलेया गाँव मे मौसम के बदले मिजाज और अचानक हुई तेज गर्जना के बीच तिलैया गांव से एक बेहद ही हृदयविदारक और दुखद घटना सामने आई है। यहाँ आकाशीय बिजली (वज्रपात) की चपेट में आने से मिलन बावरी के युवा पुत्र और उनकी दो दुधारू गायों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस अचानक हुए हादसे से मृतक के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है, वहीं पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।कैसे घटी यह दर्दनाक घटना?प्रत्यक्षदर्शियों और ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, दोपहर के समय अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। आसमान में काले घने बादल छा गए और तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। इसी दौरान मिलन बावरी का बेटा अपनी गायों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने और उन्हें बचाने का प्रयास कर रहा था। तभी अचानक एक बेहद तेज आवाज के साथ सीधे उसी जगह पर वज्रपात हो गया जहाँ युवक और उसकी गायें मौजूद थीं।आकाशीय बिजली का झटका इतना जोरदार था कि युवक और दोनों गायों को संभलने का एक पल भी नहीं मिला। बिजली गिरते ही तीनों गंभीर रूप से झुलस गए और उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया।गांव में शोक की लहर और प्रशासनिक गुहारहादसे के तुरंत बाद मौके पर भारी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। दृश्य इतना मर्मस्पर्शी था कि देखने वाले हर शख्स की आँखें नम हो गईं। मिलन बावरी का परिवार इस घटना से पूरी तरह टूट चुका है। उनके घर के चिराग के बुझने के साथ-साथ उनकी आजीविका का मुख्य साधन (गायें) भी इस आपदा की भेंट चढ़ गईं।

## क्लस्टर सिस्टम के विरोध में छात्रों ने जतायी आपति



**मेहरमा ।** झारखंड के विश्वविद्यालयों में प्रस्तावित क्लस्टर सिस्टम को लेकर छात्र नेता सौरभ झा ने कड़ा विरोध जताया है। इसी क्रम में उन्होंने सिद्धू-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई एसआरटी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शंभू कुमार सिंह से मुलाकात कर अपनी चिंताओं से अवगत कराया।प्राचार्य से चर्चा के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए सौरभ झा ने कहा कि क्लस्टर सिस्टम छात्र हित में उचित नहीं है। वर्तमान में छात्र-छात्राएं अपनी सुविधा एवं रुचि के अनुसार एक ही कैंपस में विषयों का चयन कर अध्ययन करते हैं, लेकिन इस व्यवस्था के लागू होने के बाद विभिन्न विषयों को अलग-अलग महाविद्यालयों में विभाजित कर दिया जाएगा। इससे विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए दूसरे कॉलेजों का रुख करना पड़ेगा, जो काफी कठिनाई भरा साबित हो सकता है।उन्होंने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय प्रशासन अपनी कमियों का बोझ छात्रों पर डालने का प्रयास कर रहा है। कई क्षेत्रों में पर्याप्त महाविद्यालय एवं शिक्षकों की कमी है। ऐसी स्थिति में विद्यार्थियों को मजबूर होकर निजी महाविद्यालयों में प्रवेश लेना पड़ सकता है, जहां अधिक शुल्क देना होगा।सौरभ झा ने कहा कि इस व्यवस्था से छात्राओं को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ेगा। वर्तमान में छात्राएं अपने नजदीकी महाविद्यालय में सुविधानुसार शिक्षा ग्रहण कर रही हैं, लेकिन क्लस्टर सिस्टम लागू होने के बाद उन्हें दूसरे महाविद्यालयों में जाना पड़ सकता है। अंत में उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की कि विद्यार्थियों पर नई व्यवस्था थोपने के बजाय शिक्षकों की कमी दूर करने तथा महाविद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने पर ध्यान दिया जाए।

## कई गंभीर मामले में फरार 8 आरोपियों के घरों पर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**गोड्डा ।** नामजद आठ आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय के आदेश पर नगर थाना की पुलिस ने ढोल बजाकर और घरों पर इश्तेहार चिपकाकर तामीली की कार्रवाई की। मामला भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न गंभीर धाराओं तथा अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज है। इन धाराओं में मारपीट, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी, सार्वजनिक शांति भंग करना, समूह बनाकर हमला करना तथा अनुसूचित जाति/जनजाति समुदाय के व्यक्ति के साथ जातिसूचक टिप्पणी व अपमानजनक व्यवहार जैसे आरोप शामिल हैं।

## खरीफ खेती में आधुनिक तकनीक अपनाएं, बढ़ेगी किसानों की आय : डीसी

**संताल एक्सप्रेस**

**गोड्डा ।** तिलका मांझी कृषि कॉलेज, गोड्डा के सभागार में बुधवार को खरीफ कर्मशाला 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त लोकेश मिश्रा, जिला कृषि पदाधिकारी अभिजीत शर्मा, कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान रविशंकर समेत कृषि एवं संबद्ध विभागों के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि कृषि जिले की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसानों को नई तकनीकों एवं सरकारी योजनाओं से जोड़ना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे कृषि विभाग की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाकर वैज्ञानिक खेती अपनाएं, ताकि उत्पादन बढ़े और आय में वृद्धि हो। उन्होंने खरीफ मौसम में खेती की आधुनिक तकनीक, जल संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, फसल बीमा, जैविक खेती और कृषि यंत्रीकरण



की जानकारी दी।वहीं जिला कृषि पदाधिकारी अभिजीत शर्मा ने विभाग द्वारा संचालित मिट्टी जांच योजना, किसान समृद्धि योजना, बीज विनिमय एवं वितरण योजना, बिरसा फसल विस्तार योजना, मिलेट मिशन योजना तथा ट्रैक्टर व पंपसेट वितरण योजना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को सशक्त बनाने के लिए कई योजनाएं चला रही है, जिनका लाभ समय पर उठाना जरूरी है।कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने खरीफ मौसम में लगाए जाने वाले उन्नत बीजों, उनकी अवधि, वैज्ञानिक बुआई विधि और उपज क्षमता की जानकारी दी। तकनीकी सत्र में बीज उपचार, कीट एवं रोग नियंत्रण, कीटनाशकों के सुरक्षित उपयोग तथा बीज भंडारण के तरीकों पर प्रशिक्षण दिया गया। वैज्ञानिकों ने कहा कि आधुनिक तकनीक अपनाकर किसान कम लागत में बेहतर उत्पादन हासिल कर सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन राजीव कुमार साह ने किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रखंडों से आए कृषि पदाधिकारी, तकनीकी पदाधिकारी, कृषक मित्र, जनसेवक, सहायक तकनीकी प्रबंधक एवं कृषि विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

## ऑनलाइन दवा बिक्री के खिलाफ जामताड़ा में मेडिकल बाजार ठप




**संताल एक्सप्रेस जामताड़ा।** ऑनलाइन दवा बिक्री, कॉरपोरेट कंपनियों द्वारा भारी छूट और दवा वितरण व्यवस्था में निगरानी की मांग को लेकर बुधवार को जामताड़ा जिले में दवा व्यवसायियों ने एकजुट होकर एक दिवसीय बंद आयोजित किया। ऑल इंडिया केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के आह्वान और झारखंड केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट संगठन के निर्देश पर जामताड़ा जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के नेतृत्व में जिले भर के दवा विक्रेताओं ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर विरोध दर्ज कराया।हड़ताल का असर जामताड़ा और मिहिजाम दोनों शहरों में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया, जहां अधिकांश मेडिकल स्टोर पूरे दिन बंद रहे। हालांकि मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जामताड़ा के कायस्थपाड़ा मोड़ स्थित जूली मेडिकल तथा मिहिजाम के मेडिक्योर को सीमित सेवाओं के लिए खुला रखा गया।विरोध प्रदर्शन के दौरान जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष उमेश झा ने कहा कि ऑनलाइन माध्यम से दवाओं की बिक्री तेजी से बढ़ रही है, लेकिन इस पर पर्याप्त निगरानी नहीं होने से मरीजों की सुरक्षा और दवा की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि लाइसेंसधारी मेडिकल दुकानों में स्वास्थ्य विभाग के नियमों का पालन किया जाता है और फार्मासिस्ट की उपस्थिति अनिवार्य होती है।

## गोड्डा सदर अस्पताल में हृदय रोग मरीजों की जांच हुई

**गोड्डा ।** सदर अस्पताल गोड्डा में बुधवार 20 मई को आयोजित निशुल्क कार्डियक ओपीडी में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ निकेत अरोड़ा, कंसल्टेंट कार्डियक थोरेसिक सर्जन ने करीब 30 मरीजों की जांच की। सुबह से ही अस्पताल में मरीजों की भीड़ देखी गई और जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लोग हृदय संबंधी जांच कराने पहुंचे।डॉक्टर ने मरीजों की समस्या सुनकर आवश्यक परामर्श दिया। शिविर में सीने में दर्द, सांस फूलना, धड़कन अनियमित होना, हार्ट फेलियर तथा हार्ट अटैक के बाद परेशानी वाले मरीज पहुंचे। जांच के दौरान दो गंभीर हार्ट मरीजों को देखने के लिए डॉ निकेत अरोड़ा आईसीयू पहुंचे, जहां भर्ती मरीजों की स्थिति का निरीक्षण कर आवश्यक चिकित्सीय सलाह दी गई।मौके पर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ तारा शंकर झा मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि जिलेवासियों को अपने क्षेत्र में ही विशेषज्ञ डॉक्टर की सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि मरीजों को बाहर जाने की जरूरत कम पड़े।विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा मरीजों को देखे जाने से मरीजों एवं उनके परिजनों में संतोष देखा गया। लोगों ने इस पहल की सराहना की है।

## विद्यालय में लीगल लिटरेसी क्लास और जागरूकता शिविर



**गोड्डा ।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण के 90 दिवसीय इंटेंसिव कार्यक्रम के तहत बुधवार को पथरगामा प्रखंड के राजकीयकृत बालिका उच्च विद्यालय में लीगल लिटरेसी क्लास व जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम डालसा अध्यक्ष सह पीडीजे रमेश कुमार एवं सचिव दीपक कुमार के निर्देश पर हुआ।अधिकार मित्र बासुदेव मणि नंदन कुमार ने छात्राओं को नालसा की बाल अनुकूल कानूनी सेवा योजना 2024 की जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे को मुफ्त कानूनी सहायता पाने का अधिकार है।

## वेक्टर जनित रोगों के खिलाफ विद्यालयों में चला जागरूकता अभियान



**महागामा ।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महागामा के तत्वावधान में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में वेक्टर जनित रोगों के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान जय नारायण उच्च विद्यालय महागामा, मध्य विद्यालय नरैनी, मध्य विद्यालय सिनपुर समेत आसपास के कई विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, फाइलेरिया एवं कालाजार जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव की जानकारी दी गई।स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छात्रों को बताया कि ये बीमारियां मुख्य रूप से मच्छरों के कारण फैलती हैं और समय रहते सावधानी बरतकर इनसे बचाव संभव है। टीम ने रोगों के कारण, लक्षण, प्रभाव, रोकथाम एवं उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए स्वच्छता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर नौसेहर आलम, विमल कुमार, रजनीश आनंद, मुकेश कुमार, हजरत अली, अब्दुल हक, सादिक अख्तर, सफदर अली एवं गुलाम मुर्तजा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि घर और आसपास पानी जमा नहीं होने देना चाहिए।

## आरपीएफ एसआईबी के सुब्रत घोषाल बने 'मैन ऑफ द मंथ'



**चित्तरंजन।** रेलवे सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने, संवेदनशील सूचनाओं के प्रभावी संकलन और संभावित खतरों की समय रहते पहचान करने में उल्लेखनीय भूमिका निभाने वाले आरपीएफ/एसआईबी चित्तरंजन के सुरक्षा सहायक सुब्रत घोषाल को अप्रैल 2026 के लिए प्रतिष्ठित मैन ऑफ द मंथ सम्मान से नवाजा गया है। उन्हें यह सम्मान चिरेका महाप्रबंधक मोहित चंद्रा द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर दिया गया।अप्रैल 2024 से स्पेशल इंटेलिजेंस ब्रांच (एसआईबी), सीएलडब्ल्यू चित्तरंजन में कार्यरत सुब्रत घोषाल ने अपने कार्यकाल के दौरान जिम्मेदारी, सतर्कता और पेशेवर दक्षता का उत्कृष्ट परिचय दिया है। रेलवे सुरक्षा से जुड़े मामलों में सूचनाओं के संग्रह, विश्लेषण और समय पर प्रशासन तक पहुंचाने में उनकी भूमिका को बेहद महत्वपूर्ण माना गया है।रेल प्रशासन के अनुसार उन्होंने रेलवे संचालन को प्रभावित करने वाली संभावित परिस्थितियों की पहचान कर समय पर आवश्यक इनपुट उपलब्ध कराए, जिससे सुरक्षा एजेंसियों को सक्रिय और सतर्क रहने में मदद मिली। उनकी कार्यशैली और समर्पण को देखते हुए यह सम्मान प्रदान किया गया।

## भाजपाइयों ने 12 सूत्री मांगों को लेकर किया धरना प्रदर्शन



**मंडरो।** प्रखंड परिसर मे किसानों के समस्या को लेकर पूर्व जिला अध्यक्ष सह प्रभारी के नेतृत्व में बीजेपी प्रखंड कार्यकर्ताओं के उपस्थिति में ज्वलंत समस्या एवं उसके समाधान के लिये मंडरो प्रखंड के भाजपा कमेटी के द्वारा राज्यपाल के नाम से प्रखंड विकास पदाधिकारी मेघनाथ उरांव को 12 सूत्री मांग पत्र सौंपा.जिसमें मुख्य रूप से किसानों की समस्या धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य से बढ़ाकर 3200 रुपये प्रति क्विंटल लागू करने,सभी किसानों को धान के बकाया राशि की भुगतान,किसानों को समय पर सब्सिडी मे खाद, बीज एवं किसानो से संबंधित उपकरण उपलब्ध कराना,बंद किये आशीर्वाद योजना को चालू करना,राज्य सरकार किसानों के ऋण माफी की सीमा पचास हजार से बढ़ा कर दो लाख किया गया ।

## जामताड़ा में खरीफ कर्मशाला का आयोजन



**जामताड़ा।** जामताड़ा के दुलाडीह स्थित नगर भवन में बुधवार को जिला कृषि कार्यालय एवं आत्मा, जामताड़ा के तत्वावधान में जिला स्तरीय खरीफ कर्मशाला 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीपिका बेसरा, लव कुमार तथा अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया।कर्मशाला में किसानों को संभावित सुखाड़ की स्थिति से निपटने, मानसून में देरी होने पर वैकल्पिक फसल चयन, क्षति प्रबंधन तथा आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने ड्रिप सिंचाई प्रणाली के बेहतर उपयोग, फसल सुरक्षा, कीट एवं रोग नियंत्रण पर भी विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम स्थल पर किसानों के लिए सॉइल टेस्टिंग डिमॉन्स्ट्रेशन भी आकर्षण का केंद्र रहा।इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष दीपिका बेसरा ने कहा कि घटती कृषि भूमि और बढ़ती आबादी के बीच तकनीक आधारित खेती अपनाकर उत्पादन क्षमता बढ़ाना समय की आवश्यकता है। वहीं जिला कृषि पदाधिकारी लव कुमार ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए संचालित राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।कार्यक्रम में रितु रंजन, संजीव कुमार, राहुल रंजन सहित अधिकारी और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## गलत ट्रेन में सवार प्रेमी युगल पहुंचा जामताड़ा, रात में ट्रैक किनारे मिला

**जामताड़ा।** जामताड़ा में एक प्रेमी जोड़े की कहानी उस वक्त अप्रत्याशित मोड़ पर पहुंच गई, जब घर छोड़कर साथ जीवन बिताने निकले दोनों युवक-युवती गलत ट्रेन में सवार होकर अनजाने में जामताड़ा पहुंच गए। देर रात रेलवे ट्रैक के पास भटकते देख पुलिस ने उन्हें सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया।पाकुड़ जिले के मालपहाड़ी थाना क्षेत्र स्थित सीता पहाड़ी गांव निवासी 24 वर्षीय इस्माइल शेख और पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद की 18 वर्षीय यास्मीन खातून के बीच सोशल मीडिया के जरिए पहचान हुई थी। समय के साथ दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और परिवार के विरोध के बावजूद साथ रहने का फैसला किया।

## जामताड़ा में किसानों के मुद्दों पर भाजपा का प्रदर्शन




**जामताड़ा।** ओलावृष्टि से किसानों को हुए नुकसान, फसल क्षति मुआवजा और किसानों से किए गए वादों को पूरा करने की मांग को लेकर बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने जामताड़ा प्रखंड मुख्यालय में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया। जामताड़ा नगर अध्यक्ष प्रदीप राउत के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने लाउडस्पीकर के माध्यम से सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद की। धरना के बाद प्रतिनिधिमंडल ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को मांग पत्र सौंपा।धरना को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सुमित शरण ने कहा कि राज्य में किसान, आम जनता और विभिन्न वर्गों के लोग परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों को एमएसपी, फसल क्षति मुआवजा और बीमा राशि का लाभ समय पर नहीं मिल रहा है।भाजयुमो प्रदेश महामंत्री मनीष दुबे ने कहा कि भीषण गर्मी के बीच मेहनत करने वाले किसानों की फसल ओलावृष्टि से बर्बाद हुई, लेकिन सरकार की ओर से अपेक्षित पहल नहीं हुई। वहीं भाजपा नेता तरुण गुप्ता, संतन मिश्रा और सुनील हांसदा ने भी किसानों के मुद्दों पर सरकार को घेरा।धरना का संचालन जिला उपाध्यक्ष सुकुमार सरखेल ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन लोकेश महतो ने दिया।कार्यक्रम में कमलेश मंडल, महेंद्र मंडल, राजेंद्र राउत, मोहन शर्मा, आभा आर्या, संजू देवी, चंदन राउत, रमेश पंडित, सुभोजीत मंडल, निर्मल सोरेन, गिरधारी मंडल, मुरारी भूषण सिंह, बंशीधर पांडेय, ब्रजेश राउत और प्रवीण मिश्रा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नाबालिग के अपहरण और यौन शोषण मामले में दोषी को 22 वर्ष सश्रम कारावास

**गोड्डा प्रतिनिधि।** गोड्डा स्थित पोक्सो के विशेष न्यायाधीश सह प्रथम जिला जज कुमार पवन की अदालत ने नाबालिग छात्रा के अपहरण एवं यौन शोषण मामले में महागामा थाना क्षेत्र के नयानगर निवासी मो. अकरम को दोषी करार देते हुए कठोर सजा सुनाई है। न्यायालय ने पोक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत आरोपित को 22 वर्ष सश्रम कारावास एवं 50 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई। जुर्माना राशि अदा नहीं करने पर एक वर्ष अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। वहीं बीएनएस 2023 की धारा 96 के तहत सात वर्ष सश्रम कारावास एवं 20 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई गई है। जुर्माना नहीं भरने पर छह माह अतिरिक्त कारावास की सजा निर्धारित की गई है। अदालत ने दोनों सजाएं साथ-साथ चलाने का आदेश दिया है।मामले के विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से लोक अभियोजक मो. जावेद हुसैन ने न्यायालय में सात गवाहों का परीक्षण कराया।

## विद्यालय में उड़िया भाषा और संस्कृति समारोह



**चित्तरंजन।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय चित्तरंजन में आयोजित भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर-2026 का समापन समारोह उत्साह, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और विद्यार्थियों की प्रतिभा से सराबोर माहौल में संपन्न हुआ। सात दिवसीय इस शिविर ने विद्यार्थियों को उड़िया भाषा, साहित्य और ओडिशा की सांस्कृतिक परंपराओं से करीब से परिचित कराया।13 मई से 19 मई तक आयोजित शिविर की थीम ÷उड़िया भाषा और संस्कृति÷ रखी गई थी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रंजन मोहंती तथा विशिष्ट अतिथि बी. पी. नायक उपस्थित रहे। विद्यालय की प्राचार्या टेक धरनी ने अतिथियों का पारंपरिक स्वागत कर कार्यक्रम की शुरुआत की।शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने उड़िया भाषा, लोक साहित्य, पारंपरिक लोक नृत्य, संगीत, रीति-रिवाज और ओडिशा के व्यंजनों से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई। करीब 140 विद्यार्थियों और 5 शिक्षकों की सहभागिता ने पूरे आयोजन को जीवंत बना दिया।प्राचार्या टेक धरनी ने भारतीय भाषाओं और सांस्कृतिक विविधता के संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए ऐसे आयोजनों को बेहद महत्वपूर्ण बताया। वहीं कक्षा 7 'ए' की छात्रा जया भारती की अभिभावक रिंपी ने शिविर को विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायी पहल बताया।कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया तथा सूरज प्रसाद ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।

## जामताड़ा कॉलेज के बंगला विभाग बंद होने की आशंका से बंगाली समाज में बढ़ी बेचैनी

**जामताड़ा।** जामताड़ा महाविद्यालय के बंगला विभाग के संभावित बंद होने की चर्चा ने जिले के बंगाली समाज और भाषा प्रेमियों के बीच चिंता बढ़ा दी है। विभाग को लेकर उठी अटकलों के बाद विभिन्न बंगाली संगठनों में नाराजगी देखी जा रही है और इसे भाषा व सांस्कृतिक पहचान के लिए गंभीर विषय बताया जा रहा है।हालांकि कॉलेज प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन नई शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत कम नामांकन वाले विभागों की समीक्षा और संभावित पुनर्गठन की चर्चाओं ने मामले को तूल दे दिया है। जानकारी के अनुसार महाविद्यालय के बंगला विभाग में वर्तमान में एक प्राध्यापक कार्यरत हैं, जबकि विभाग में केवल दो छात्र अध्ययनरत हैं।इस मुद्दे पर झारखंड बंगाली समिति, जामताड़ा शाखा के जिला अध्यक्ष डॉ. दुर्गा दास भंडारी ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि झारखंड में बंगला भाषा के संरक्षण और विस्तार के लिए लंबे समय से प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जामताड़ा में बड़ी संख्या में बंगाली समुदाय निवास करता है, ऐसे में विभाग बंद करना समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाएगा।उन्होंने सभी बंगाली संगठनों से एकजुट होने की अपील करते हुए स्पष्ट कहा कि यदि विभाग बंद करने का निर्णय लिया गया तो व्यापक आंदोलन शुरू किया जाएगा।

## क्या है भारत में विद्या व विद्यार्थियों का भविष्य

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने द्वारा देश से की जा रही मन की बात के 131वें एपिसोड में गत 22 फ़रवरी 2026 को छात्रों से परीक्षा पे चर्चा की थी। अपने इस संवाद कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने छात्रों को दिये गये उपदेशों में कहा कि अंकों से किसी की योग्यता तय नहीं होती। शिक्षा जीवन को संवारने का एक माध्यम है, जबकि परीक्षा केवल आत्म-मूल्यांकन का ज़रिया है। उन्होंने छात्रों से परीक्षा को किसी बड़े बोझ या हौवे के रूप में देखने के बजाय इसे एक उत्सव की तरह मनाने की अपील की थी। पढ़ाई, आराम, शारीरिक खेलकूद और अपने शौक़ के बीच एक सही संतुलन बनाने को ज़रूरी बताया था। मोदी ने छात्रों को सलाह दी थी कि कुछ छात्र रात में पढ़ना पसंद करते हैं तो कुछ सुबह जल्दी, अपनी इसी मूल शैली पर विश्वास रखें। उन्होंने छात्रों को यह सलाह भी दी कि वे अपने मन की चिंताओं को अपने माता-पिता और परिवार के साथ खुलकर साझा करें, जिससे मानसिक तनाव कम होता है। अभिभावकों को सलाह देते हुये उन्होंने कहा था कि माता-पिता को बच्चों पर उनकी इच्छा के विरुद्ध विशिष्ट करियर चुनने का दबाव नहीं बनाना चाहिए। हर बच्चा अपने आप में अनूठा होता है। इसी तरह उन्होंने शिक्षकों को भी सलाह दी कि उन्हें छात्रों की सीखने की गति को समझना चाहिए और उनके लिए ऐसे लक्ष्य तय करने चाहिए जो पहुंच में हों लेकिन जिन्हें प्राप्त करने के लिए थोड़ी मेहनत करनी पड़े। प्रधानमंत्री के उपरोक्त कथन में यह बात पूरी तरह विरोधाभासी है कि अंकों से किसी की योग्यता तय नहीं होती। क्योंकि आज के दौर में एडमिशन,वरीयता सूची,श्रेणी निर्धारण,चयन आदि हर जगह अंक प्रतिशत की ही होड़ लगी हुई है। परन्तु प्रधानमंत्री ने इन्हीं छात्रों को कभी यह नहीं बताया कि यदि आपकी जी तोड़ मेहनतों के बाद परीक्षा के पर्चे लीक हो जायें व परीक्षा ही स्थगित कर दी जाये तो आख़िर छात्रों को ऐसे सदमे से कैसे उबरना चाहिये। और जो छात्र इस कुप्रबंधन का शिकार होकर किसी कारणवश पुनः परीक्षा में बैठने योग्य न रह सके और इसी कारण उसका जीवन व भविष्य चौपट हो जाये उस छात्र को उसके अभिभावकों को या फिर सरकार अथवा इस दुर्व्यवस्था के ज़िम्मेदारों को क्या करना चाहिये ? हालाँकि प्रधानमंत्री मोदी पेपर लीक के मुद्दे पर जुलाई 2024 में संसद के दोनों सदनों (लोकसभा और राज्यसभा) में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान अपना आधिकारिक बयान दे चुके है। उन्होंने संसद में देश के हर छात्र और नौजवान को भरोसा दिलाते हुए कहा था कि सरकार परीक्षाओं में होने वाली ऐसी गड़बड़ियों और पेपर लीक को रोकने के लिए अत्यंत गंभीर है। उन्होंने कड़े शब्दों में चेतावनी दी थी कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी आरोपी या माफ़िया को क़तई बख़्शा नहीं जाएगा और उन्हें सख़्त से सख़्त सज़ा दी जाएगी। प्रधानमंत्री ने परीक्षा प्रणाली और पूरे सिस्टम को पुख़्ता व पारदर्शी बनाने के लिए सरकार द्वारा युद्ध स्तर क़दम उठाने की बात कही थी।

# ग्रेट निकोबार : क्या राष्ट्रहित से ऊपर है कांग्रेस की राजनीति

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

आज जब भारत विश्व मंच पर एक उभरती हुई महाशक्ति के रूप में अपनी पहचान बना रहा है, तब देश को मजबूत सामरिक ढांचा, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और वैश्विक व्यापारिक क्षमता की भी आवश्यकता है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ती भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के बीच भारत को अपने समुद्री हितों और राष्ट्रीय सुरक्षा को सुदृढ़ करना समय की मांग है। ऐसे समय में ग्रेट निकोबार परियोजना भारत के सामरिक, आर्थिक और वैश्विक भविष्य की आधारशिला है, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस इस परियोजना का लगातार विरोध कर रही है।वस्तुतः कभी पर्यावरण के नाम पर, कभी आदिवासी हितों के नाम पर और अब राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर प्रश्न उठाकर कांग्रेस ऐसे प्रोजेक्ट को रोकने की कोशिश कर रही है, जो भविष्य में भारत को समुद्री शक्ति, व्यापारिक आत्मनिर्भरता और सामरिक मजबूती प्रदान करने का कारण बनेगा। सवाल यह है कि क्या वास्तव में कांग्रेस को पर्यावरण और जनजातीय समाज की इतनी चिंता है या फिर यह मोदी सरकार का विरोध करने की योजनाबद्ध मानसिकता है? विरोध नहीं, यह विकास रोकने की राजनीति है

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने हाल ही में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को पत्र लिखकर ग्रेट निकोबार परियोजना के मौजूदा स्वरूप पर पुनर्विचार की मांग की है। उनका तर्क है कि ट्रांसशिपमेंट पोर्ट और टाउनशिप जैसी योजनाएं सैन्य क्षमता नहीं बढ़ातीं और पर्यावरण तथा आदिवासी समुदायों पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती हैं। ऐसे में यहां स्वभाविक प्रश्न उभरता है कि यदि कांग्रेस को विकास परियोजनाओं से इतना ही परहेज है, तब अपने दशकों लंबे शासनकाल में उसने देशभर में हजारों बड़े बांध, बंदरगाह, औद्योगिक कॉरिडोर, राजमार्ग और शहरी परियोजनाएं क्यों शुरू कीं? क्या तब पर्यावरण और जनजातीय हित याद नहीं आए? क्या उस समय पर्यावरण का नुकसान नहीं हो रहा था? असल सच्चाई यह है कि कांग्रेस का यह विरोध सिद्धांत आधारित न होकर सिर्फ राजनीति से प्रेरित है। यदि यही परियोजना कांग्रेस सरकार लेकर आती, तो वही नेता इसे ÷भारत के भविष्य का द्वार÷ बताते।

ग्रेट निकोबार ः भारत का सामरिक कवच

ग्रेट निकोबार द्वीप की स्थिति हिंद महासागर क्षेत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह पूर्व-पश्चिम अंतरराष्ट्रीय शिपिंग मार्ग से मात्र लगभग 40 नॉटिकल मील की दूरी पर स्थित है। दुनिया के सबसे व्यस्त समुद्री व्यापारिक मार्गों में से एक के इतना निकट होना भारत के लिए रणनीतिक दृष्टि से अमूल्य अवसर है।

आज भारत का बड़ा हिस्सा विदेशी ट्रांसशिपमेंट बंदरगाहों जैसे कोलंबो, सिंगापुर और क्लांग पर निर्भर है। इसका सीधा अर्थ है कि भारत का व्यापारिक और सामरिक हित दूसरे देशों की बंदरगाह नीतियों पर निर्भर रहता है। ग्रेट निकोबार परियोजना इस निर्भरता को समाप्त करने की दिशा में निर्णायक कदम है। हमें समझना होगा कि 14.2 मिलियन टीईयू क्षमता वाला इंटरनेशनल कंटेनर ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल भारत को समुद्री व्यापार में आत्मनिर्भर बनाएगा। यह आर्थिक परियोजना होने के साथ चीन की बढ़ती समुद्री आक्रामकता के सामने भारत की रणनीतिक उपस्थिति को मजबूत करने वाला कदम है।

क्या कांग्रेस को दिखाई नहीं देता कि भारत के पड़ौसी देश अपनी सामरिक शक्ति एवं अन्य शक्तियां बढ़ाने के लिए क्या कर रहे हैं? जब चीन हिंद महासागर क्षेत्र में लगातार अपने बंदरगाह नेटवर्क का विस्तार कर रहा है, तब भारत यदि अपनी सामरिक क्षमता बढ़ाता है तो कांग्रेस को इसमें समस्या क्यों दिखाई देती है? कांग्रेस का कहना है कि केवल आईएनएस बाज या अन्य सैन्य परिसंपत्तियों के विस्तार से काम चल सकता है। लेकिन क्या भारत जैसे विशाल और उभरते हुए राष्ट्र को केवल ÷काम चलाने÷ वाली मानसिकता के साथ आगे बढ़ना चाहिए? उम्मीद से अधिक नहीं किंतु यह तो कांग्रेस समझ ही सकती है कि 150 करोड़ की जनसंख्या वाले भारत को भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर की आवश्यकता है। यदि भारत को वैश्विक व्यापार, नौसैनिक शक्ति और समुद्री रणनीति में अग्रणी बनना है, तो उसे विश्वस्तरीय बंदरगाह, एयरपोर्ट और आधुनिक शहरी ढांचे की आवश्यकता होगी। कांग्रेस शायद यह भूल रही है कि राष्ट्रीय सुरक्षा सैन्य अड्डों के साथ ही मजबूत आर्थिक और लॉजिस्टिक क्षमता से भी सुनिश्चित होती है। ट्रांसशिपमेंट पोर्ट, एयरपोर्ट और टाउनशिप, ये सभी मिलकर भारत को हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थायी रणनीतिक बढ़त दिलाएंगे। पर्यावरण के नाम पर भ्रम फैलाती कांग्रेस कांग्रेस लगातार यह प्रचारित करने की कोशिश कर रही है कि इस परियोजना से बड़े स्तर पर पर्यावरण को नुकसान होगा किंतु वास्तविकता इससे भिन्न है। यह परियोजना ईआईए अधिसूचना 2006 और आईसीआरजेड अधिसूचना 2019 के तहत सभी आवश्यक पर्यावरणीय मंजूरियां प्राप्त कर चुकी है। इसके लिए विस्तृत पर्यावरण प्रभाव आकलन किया गया है, जिसमें भारतीय प्राणी सर्वेक्षण, भारतीय विज्ञान संस्थान, वन्यजीव संस्थान और सैकॉन जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों ने अध्ययन किया है।

परियोजना के अंतर्गत 42 अनिवार्य पर्यावरणीय शर्तें लागू की गई हैं। द्वीप के केवल 1.82 प्रतिशत वन क्षेत्र का उपयोग किया जाएगा और इसके बदले 97.30 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में क्षतिपूर्ति वनीकरण किया जाएगा। इतना ही नहीं, 65.99 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को ग्रीन जोन के रूप में संरक्षित रखा जाएगा, जहां एक भी पेड़ नहीं काटा जाएगा। क्या कांग्रेस यह बताना चाहेगी कि उसके शासनकाल में बनी परियोजनाओं में इतने व्यापक पर्यावरणीय सुरक्षा प्रावधान कितनी बार देखने को मिले थे?

आदिवासी हितों पर राजनीति बंद होनी चाहिएकांग्रेस यह आरोप लगा रही है कि परियोजना से शोंपेन और निकोबारी समुदाय प्रभावित होंगे किंतु सही तथ्य यह है कि परियोजना में किसी भी जनजातीय समुदाय के विस्थापन का प्रस्ताव नहीं है। परियोजना के अंतर्गत जनजातीय आरक्षित क्षेत्र में शुद्ध वृद्धि सुनिश्चित की जा रही है। 73.07 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को डी-नोटिफाई करने के बदले 76.98 वर्ग किलोमीटर नई भूमि को पुनः जनजातीय आरक्षित क्षेत्र घोषित किया जा रहा है। यानी कुल आरक्षित क्षेत्र में वृद्धि होगी।इसके अतिरिक्त, जनजातीय हितों की निगरानी के लिए स्वतंत्र समितियां गठित की गई हैं और जनजातीय कार्य मंत्रालय, एएजेवीएस तथा भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण जैसे संस्थानों से विस्तृत परामर्श किया गया है। यदि वास्तव में सरकार आदिवासी विरोधी होती, तब क्या इतनी संवेदनशील और निगरानी आधारित व्यवस्था तैयार की जाती?

भारत को आत्मनिर्भर और शक्तिशाली बनाना अपराध नहीं

आज विश्व तेजी से बदल रहा है। समुद्री व्यापार, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला और सामरिक समुद्री मार्ग आने वाले दशकों की शक्ति का निर्धारण करेंगे। भारत यदि इस दिशा में निर्णायक कदम उठा रहा है तो उसका स्वागत होना चाहिए, न कि राजनीतिक विरोध। मोदी सरकार का उद्देश्य स्पष्ट है कि भारत को आत्मनिर्भर, सामरिक रूप से मजबूत और आर्थिक रूप से शक्तिशाली बनाना है। ग्रेट निकोबार परियोजना उसी दृष्टि का हिस्सा है।

विकास और पर्यावरण साथ-साथ चलते हैं

वस्तुतः आज ग्रेट निकोबार परियोजना यह सिद्ध करती है कि विकास और पर्यावरण एक-दूसरे के विरोधी नहीं हैं। आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक मूल्यांकन और चरणबद्ध विकास के माध्यम से दोनों के बीच संतुलन स्थापित किया जा सकता है। गैस और सौर ऊर्जा आधारित हाइब्रिड पावर प्लांट, पर्यावरण प्रबंधन योजना, आपदा प्रबंधन ढांचा और जैव विविधता संरक्षण उपाय यह दर्शाते हैं कि सरकार दीर्घकालिक सतत विकास की सोच के साथ आगे बढ़ रही है।

## पाकुड़ की खबरें

## लैम्पस गोदाम निर्माण में भारीअनियमितता, ग्रामीणों ने की जांच की मांग



संताल एक्सप्रेस लिट्टीपाड़ा( पाकुड़) प्रखंड के तालझारी पंचायत के छोटा खाम्बी पहाड़िया टोला गांव में निर्माणाधीन लैम्पस गोदाम अब विवादों में घिरता नजर आ रहा है। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में भारी अनियमितता और खुली लापरवाही का आरोप लगाते हुए पूरे मामले की जांच की मांग की है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी राशि से बन रहे इस भवन में गुणवत्ता मानकों को ताक पर रख दिया गया है।ग्रामीणों के अनुसार निर्माण में घटिया ईंटों का उपयोग किया जा रहा है। इतना ही नहीं, ईंट जोड़ाई के दौरान पर्याप्त पानी तक नहीं दिया जा रहा, जिससे दीवारों की मजबूती पर सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य जल्दबाजी और मनमाने तरीके से कराया जा रहा है।सबसे बड़ा सवाल यह है कि निर्माण स्थल पर अब तक कोई सूचना पट्ट नहीं लगाया गया है। इससे योजना का नाम, विभाग, संवेदक और संबंधित अभियंता की जानकारी पूरी तरह छिपी हुई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बिना पारदर्शिता के सरकारी कार्य को अंजाम दिया जा रहा है।मामले में यह आरोप भी सामने आया है कि चंद पैसा का लालच देकर गोदाम का निर्माण एक पहाड़िया परिवार की निजी जमीन पर किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बिना स्पष्ट प्रक्रिया अपनाए जमीन का उपयोग किया जा रहा है। ग्रामीण रामा पहाड़ियां, चांदू पहाड़िया, मागी पहाड़िन, बामड़ी पहाड़िन, सुरजी पहाड़िन और जबरा पहाड़िया समेत कई ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से अविलंब जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।वही जिला सहकारिता पदाधिकारी चंद्रजीत खलखो ने बताया मुझे नए भवन के बारे में किसी प्रकार की जानकारी नहीं है।

## किसानों की समस्याओं को लेकर भाजपा का धरना



हिरणपुर (पाकुड़)। झारखंड में किसानों की बदहाली व राज्य सरकार की वादाखिलाफी को लेकर भाजपा मंडल इकाई के द्वारा बुधवार को घाघरजानि स्थित प्रखंड कार्यालय परिसर में एक दिवसीय धरना का आयोजन किया गया। इसको लेकर मंडल अध्यक्ष सुकुमार मंडल के नेतृत्व में 12 सूत्री मांगों का ज्ञापन अंचलाधिकारी मनोज कुमार को सौपा गया। मण्डल अध्यक्ष ने राज्य के महागठबंधन सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव के पहले किसानों से धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 3200 प्रति क्विंटल देने , वन उत्पादों के एमएसपी में प्रति क्विंटल 50त्न तक बढ़ोतरी ,कृषि कार्यों के लिए मुक्त बिजली, सिंचाई सुविधा मजबूत, किसानों को सस्ती दर पर खाद बीज उपलब्ध करवाने आदि का वादा किया था। जिसे आज तक हेमंत सोरेन सरकार ने पूरा नहीं किया। इस धरना प्रदर्शन एक संदेश है ,जब तक किसानों की मांगों को पूरा नहीं किया जाता है ,तब तक भाजपा कार्यकर्ता चुप नही रहेंगे। जिला उपाध्यक्ष हिसाबी राय ने कहा कि राज्य में खाद व यूरिया की कालाबाजारी चरम पर है। मजबूरी में किसानों को ऊंचे दामों में खाद खरीदनी पड़ रही है,जबकि सारी वस्तु स्थिति की जानकारी होने के बाद भी राज्य सरकार मुकदर्शक बनी हुई है।कार्यक्रम में अजा मोर्चा के प्रदेश मंत्री कामेश्वर दास , संथाल परगना सोशल मीडिया प्रभारी जयंत मण्डल ,जामु मरांडी ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में गुरुदयाल साहा रामजी साहा किरण कुमार मंडल आसिफ अंसारी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## सारथी योजना के नाम पर ठगी का आरोप,छात्रों ने लगाई न्याय की गुहार

पाकुड़। मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत संचालित जेआरएस टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड पर साहिबगंज और पाकुड़ के दर्जनों गरीब विद्यार्थियों से नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने का आरोप लगा है। छात्रों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर बताया कि प्रशिक्षण पूरा होने के बाद उनसे वीजा, टिकट और प्लेसमेंट के नाम पर पैसे लिए गए तथा प्रमाण पत्र मांगने पर मारपीट और जान से मारने की धमकी दी गई।पीड़ित छात्रों के अनुसार 17 नवंबर 2025 से शुरू हुआ तीन माह का प्रशिक्षण 22 फरवरी 2026 को समाप्त हो गया, लेकिन अब तक न तो प्रमाण पत्र मिला और न ही रोजगार। छात्रों ने आरोप लगाया कि विशाल प्रजापति समाज ने खुद को सऊदी अरब के बड़े ठेकेदार का बेटा बताकर पैसे वसूले, जबकि प्रोजेक्ट मैनेजर मोहम्मद आसिफ इकबाल पर अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया गया है।

## विद्यालय में आयोजित विधिक शिविर में दी गई बाल विवाह की जानकारी

हिरणपुर (पाकुड़)। बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कर के द्वारा तोड़ाई स्थित संत मारिया गोरेटटी विद्यालय मे 90 दिवसीय गहन विधिक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस शिविर में प्राधिकरण के सचिव रूपा वंदना कीरो ने उपस्थित छात्राओ को यौन अपराधों से बच्चो के संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत सुरक्षित बचपन व सुरक्षित भविष्य की विस्तृत जानकारी दी गई। सचिव ने बाल विवाह पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह एक अपराध है। जिससे बच्चो की मानसिक व शारीरिक स्थिति पर प्रतिकूल असर पड़ता है। उन्होंने शिक्षा की अधिकार को लेकर आगे कहा कि इससे समाज व परिवार की सर्वांगीण विकास होता है। बाल श्रम , डायन प्रथा आदि कुरीतियों से हमे निजात पाना आवश्यक है। हमे अपने मौलिक कर्तव्य व अधिकारों की जानकारी होना नितांत आवश्यक है। इस कार्यक्रम के दौरान पीसीआई - यूनिसेफ के सहयोग से छात्राओ के बीच भाषण , वाद विवाद व पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित हुई।

## ई-फार्मेसी के विरोध में जिले भर में बंद रहीं मेडिकल दुकानें

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

पाकुड़ ।जिला मुख्यालय पाकुड़ सहित जिले के पाकुड़िया महेशपुर हिरणपुर लिट्टीपाड़ा व अमड़ापाड़ा प्रखण्डों में बुधवार को मिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर मेडिकल दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद रखीं। ऑनलाइन फार्मेसी (ई-फार्मेसी) के विरोध तथा दवा व्यवसायियों की लंबित विभागीय समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर आयोजित इस बंद को दवा दुकानदारों का व्यापक समर्थन मिला। सुबह से ही पाकुड़, पाकुड़िया महेशपुर हिरणपुर लिट्टीपाड़ा अमड़ापाड़ा पाकुड़िया बाजार कर सभी मेडिकल दुकानें बंद नजर आईं।




दवा व्यवसायियों का कहा कि ई-फार्मेसी के बढ़ते प्रभाव से स्थानीय मेडिकल दुकानदारों का कारोबार प्रभावित हो रहा है। साथ ही लाइसेंस, निरीक्षण और अन्य विभागीय समस्याएं लंबे समय से लंबित हैं। व्यवसायियों ने सरकार से जल्द सकारात्मक पहल करने की मांग की। मेडिकल दुकानों के बंद रहने का असर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर देखने को मिला, जहां सामान्य दिनों की तुलना में मरीजों की संख्या अधिक रही। हालांकि पूर्व सूचना मिलने के कारण लोगों ने जरूरी दवाइयों की खरीदारी पहले ही कर ली थी। दवा व्यवसायियों ने कहा कि यदि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो आगे भी आंदोलन जारी रहेगा। उधर दवा दुकाने बन्द रहने से लोगो को भटकते देखा गया।हिरणपुर ः केमिस्ट एन्ड ड्रगिस्ट एसोशियन के द्वारा की गई बन्दी से हिरणपुर बाजार में काफी असर पड़ा। बाजार के सभी दवा दुकाने बन्द रहा। जिससे लोग दवा खरीदने को लेकर भटकते देखा गया। एसोसियशन के द्वारा दत्ता मेडिकल को आपातकालीन स्थिति में दवा बिक्री को लेकर निर्देश दिया गया था। उधर सामान्य मरीजो को दुकाने बन्द रहने से दवाइयां नही मिली। उधर अपनी मांगों को लेकर एसोसियशन ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्यवाही नही की गई तो आगे आंदोलन तेज की जाएगी।

## बहुविषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

महेशपुर (पाकुड़ ) बुधवार को प्रखंड के घाटचोरा स्थित डिग्री कॉलेज में भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर आयोजित दो दिवसीय बहुविषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ। यह संगोष्ठी झारखंड राज्य उच्च एवं तकनीकी शिक्षा परिषद तथा उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखंड सरकार, रांची के सहयोग से आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन एवं विश्वविद्यालय कुलगीत के साथ हुआ।संगोष्ठी में भारतीय ज्ञान परंपरा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 और भारतीय शिक्षा मूल्यों पर गंभीर विमर्श प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में पूर्व कुलपति एवं सीसीडीसी प्रो. डॉ. अब्दुस सत्तार, विधायक स्टीफन मरांडी , पूर्व कुलपति प्रो. डॉ. बशीर अहमद खान, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. बृजेश कुमार सिंह, डॉ. अमन मुर्मू, जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता पूर्ति तथा विभिन्न विश्वविद्यालयों के विद्वानों ने भाग लिया। वक्ताओं ने भारतीय ज्ञान परंपरा को वर्तमान और भविष्य की शिक्षा व्यवस्था के लिए मार्गदर्शक बताते हुए नई शिक्षा नीति-2020 को भारतीय संस्कृति, नैतिकता और आत्मनिर्भरता को सशक्त करने वाली ऐतिहासिक पहल बताया। विधायक स्टीफन मरांडी ने आदिवासी ज्ञान और लोक संस्कृति को भारतीय ज्ञान प्रणाली का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। वहीं प्रो. डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने नई शिक्षा नीति की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की।

## पांच लोगों पर मामला दर्ज

महेशपुर (पाकुड़)। थाना क्षेत्र के हरीशपुर गांव निवासी सह वादी मसलेउद्दीन अंसारी ने मंगलवार शाम को थाना में आवेदन देकर गांव के ही पांच लोगों के खिलाफ घर में घुसकर गाली-गलौज करते हुए जान मारने की नियत से मारपीट कर जख्मी करने एवं घर के महिलाओं के साथ छेड़खानी करने के आरोप में मामला दर्ज करवाया है। वादी ने नामजद आरोपित अलाउद्दीन अंसारी, सिराजुद्दीन मियां, जमीरुद्दीन अंसारी, अफ़रुजा बीबी एवं रजिया बीबी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज करवाया है। पुलिस मामला दर्ज कर मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

## दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता को प्रताड़ित कर घर से निकाला

संताल एक्सप्रेस अमड़ापाड़ा(पाकुड़)थाना क्षेत्र के पचुवाड़ा पंचायत अंतर्गत रांगा टोला में रह रही एक विवाहिता ने अपने पति समेत ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने, मारपीट करने और घर से निकाल देने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर पीड़िता ने अमड़ापाड़ा थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है। पुलिस आवेदन के आधार पर मामले की जांच में जुट गयी है। थाना को दिये आवेदन में अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र के रांगा केवट टोला की रहने वाली तुलसी देवी ने बताया है कि उसकी शादी 23 अप्रैल 2024 को हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार सारवां निवासी निर्मल कापरी के साथ हुई थी। विवाह के दौरान उसके पिता ने सामर्थ्य के अनुसार नकद राशि, चेक तथा सोने-चांदी के जेवर समेत करीब पौने चार लाख रुपये उपहार के रूप में दिये थे। शादी के लगभग एक वर्ष तक सबकुछ सामान्य रहा लेकिन बाद में पति निर्मल कापरी, ससुर हरि कापरी और सास अतिरिक्त दहेज के रूप में दो लाख रुपये लाने का दबाव बनाने लगे।पीड़िता ने आरोप लगाया है कि मांग पूरी नहीं होने पर उसके साथ मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ना शुरू कर दी गयी। उसे भरपेट भोजन तक नहीं दिया जाता था और लगातार ताने दिये जाते थे। आरोप है कि इसी दौरान उसकी ननद ने भी ससुराल पहुंचकर प्रताड़ित करने के लिए उकसाया।आवेदन में कहा गया है कि करीब तीन माह पूर्व ससुराल पक्ष के लोगों ने एकजुट होकर उसके साथ मारपीट की और घर से निकाल दिया। पीड़िता किसी तरह वहां से निकलकर अपने पिता के घर रांगा टोला पहुंची और परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी। मामले को लेकर पुलिस आवेदन के आधार पर छानबीन कर रही है।

## किसानों की समस्याओं और वादाखिलाफी राज्य सरकार के विरोध में भाजपा का प्रदर्शन



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़। भारतीय जनता पार्टी जिला इकाई ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर बुधवार को राज्यपाल के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में भाजपा ने धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 3200 रुपये प्रति क्विंटल करने, किसानों के बकाया भुगतान में तेजी लाने और समय पर धान क्रय केंद्र खोलने की मांग की। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि राज्य में खाद की कालाबाजारी बढ़ गयी है और किसानों को उचित दर पर खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है। हाल ही में हुई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से किसानों को भारी नुकसान हुआ है, जिसके लिए प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की गयी। ज्ञापन में किसानों को सब्सिडी पर खाद, बीज एवं कृषि उपकरण उपलब्ध कराने, सिंचाई व्यवस्था मजबूत करने, फसल एवं पशुधन बीमा योजनाओं की बाधाएं दूर करने और किसानों को मुफ्त बिजली देने की मांग भी शामिल रही। भाजपा नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं पर सरकार गंभीरता से विचार नहीं करती है तो आंदोलन को और व्यापक किया जायेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनुग्रहित साह, जिला महामंत्री रूपेश भगत, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष बाबूधन मुर्मू, प्राची चौधरी, दीपक साहा समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विद्यार्थी परिषद ने किया मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री का पुतला दहन किया



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने झारखंड सरकार के क्लस्टर सिस्टम के विरोध में मंगलवार को कुमार कालिदास मेमोरियल कॉलेज परिसर में उग्र प्रदर्शन किया। प्रदेशव्यापी आंदोलन के तहत कार्यकर्ताओं ने सरकार विरोध में नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री और उच्च शिक्षा मंत्री सुदिव्या कुमार सोनू का पुतला दहन किया। आंदोलन का नेतृत्व कॉलेज अध्यक्ष दुलाल चंद्र दास ने किया।प्रदर्शन को संबोधित करते हुए अभाविप के प्रदेश सह मंत्री बलराम उपाध्याय ने कहा कि क्लस्टर सिस्टम से छात्रों के विषय विकल्प सीमित होंगे और ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को एक कॉलेज से दूसरे कॉलेज भटकना पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि बीएड , बीसीए और बी बी ए जैसे रोजगारपरक पाठ्यक्रमों को सेल्फ-फाइनेंस मोड में डालकर शिक्षा का व्यवसायीकरण किया जा रहा है। वहीं जिला जनजातीय प्रमुख चंदन पहाड़िया ने स्थानीय एवं जनजातीय भाषाओं को सीमित करने की नीति का विरोध करते हुए कहा कि संथाल परगना के छात्र अपनी भाषाई अस्मिता के साथ समझौता नहीं करेंगे। परिषद ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने क्लस्टर सिस्टम वापस नहीं लिया तो आंदोलन सड़क से सदन तक जारी रहेगा।

## बरहेट में जनगणना 2027 की तैयारी तेज

बरहेट- राष्ट्रीय जनगणना 2027 के सफल संचालन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गई हैं. जनगणना कार्य के लिए बुधवार को बरहेट बाजार क्षेत्र में प्रथम चरण के अंतर्गत मकानों के सूचीकरण एवं नजरी नक्शा तैयार करने के उद्देश्य से नजरी नक्शा कार्य में लगे कर्मियों ने क्षेत्र भ्रमण किया. क्षेत्र भ्रमण अभियान सुपरवाइजर उर्मिला टोप्पो के नेतृत्व में चलाया गया.टीम में प्रगणक मोहम्मद शादाब, मणिलाल शाह, प्रभु पंडित एवं पूनम कुमारी शामिल रहे.क्षेत्र भ्रमण के दौरान सुपरवाइजर उर्मिला टोप्पो ने प्रगणकों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि जनगणना कार्य को पूरी पारदर्शिता एवं त्रुटिरहित तरीके से संपन्न करना बेहद आवश्यक है.।

## आलूबेड़ा में अवैध डंपिंग का बड़ा नेटवर्क, दिन-रात ट्रकों में हो रहा लोडिंग

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**



अमड़ापाड़ा (पाकुड़ )अंचल क्षेत्र से गुजरने वाली बांसलोई नदी इन दिनों बालू माफियाओं के लिए कमाई का बड़ा जरिया बन गयी है। प्रखंड में एक भी वैध बालू घाट संचालित नहीं होने के बावजूद आलूबेड़ा के कई घाटों से प्रतिदिन सैकड़ों ट्रैक्टरों से हजारों घनफीट बालू का अवैध खनन, भंडारण और परिवहन किया जा रहा है नदी से निकाले गये बालू का बड़े पैमाने पर आलूबेड़ा क्षेत्र में ही डंपिंग की जा रही है। इससे सरकार को प्रतिदिन लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान होने की आशंका जतायी जा रही है।जानकारी के अनुसार अमड़ापाड़ा से आलूबेड़ा आने-जाने वाले कोयला परिवहन पथ का उपयोग खुलेआम अवैध बालू कारोबार के लिए किया जा रहा है। डंपरों और भारी वाहनों की आवाजाही के कारण यह मार्ग माफियाओं के लिए सुरक्षित कॉरिडोर बन गया है। स्थानीय सूत्रों का दावा है कि पूरे खेल को सत्ताधारी दल से जुड़े कुछ रसूखदार लोगों और स्थानीय बालू माफियाओं का पूरा संरक्षण प्राप्त है। यही वजह है कि अब तक प्रशासन की ओर से कोई बड़ी कार्रवाई सामने नहीं आयी है।आलूबेड़ा गांव के समीप न्यू कठालडीह, आमझारी फुटबॉल मैदान, खांडोकांटा, दालानघुटु समेत वीपीआर और डीबीएल कैंप के सामने बड़े पैमाने पर बालू का अवैध भंडारण किया जा रहा है। दर्जनों ट्रैक्टर दिनभर नदी से बालू लाकर इन डिपो पर गिरा रहे हैं। बालू को ट्रकों में लोड करने के लिए तीन से चार जेसीबी मशीनें भी लगायी गयी हैं। दिन और रात लगातार ट्रकों व डंपरों में बालू लोड कर बाहर भेजा जा रहा है।**दूसरे जिलों व राज्यों तक हो रही सप्लाई** अवैध कारोबार का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि इस कार्य के लिए प्रतिदिन दर्जनों ट्रक, डंपर और 14 से 16 चक्के वाले भारी ट्रेलर परिवहन में लगाये जा रहे हैं। एक-एक डिपो पर दिनभर में आठ से दस ट्रकों की कतार देखी जा रही है।यहां से बालू लिट्टीपाड़ा, हिरणपुर, पाकुड़ होते हुए धूलियान, बरहेट और साहेबगंज समेत अन्य जिलों व दूसरे राज्यों तक भेजा जा रहा है, जहां ऊंचे दामों पर इसकी बिक्री की जा रही है। इस संबंध में सीओ औसाफ अहमद खां ने कहा कि इस मामले की जानकारी नहीं है। यदि बिना वैध घाट के बालू का अवैध भंडारण और परिवहन किया जा रहा है तो पूरे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## महिला ने पेड़ में फांसी लगाकर की आत्महत्या

महेशपुर (पाकुड़)। थाना क्षेत्र के देवपुर गांव गांव बुधवार को एक 65 वर्षीय वृद्ध महिला ने पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। महिला की पहचान पाकुड़िया थाना क्षेत्र के खजुरडंगाल गांव निवासी मायसुरी किस्कू के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रवि शर्मा दल बल के साथ घटना स्थल पहुंचकर छानबीन करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सोनाजोड़ी सदर अस्पताल पाकुड भेज दिया। वही मृतक के स्वजनों से मिली जानकारी के अनुसार वह दो दिन पहले अपना मायके लख़ीपोखर गई थी। उनकी दिमागी हालत ठीक नहीं थी। इस संबंध में थाना प्रभारी रवि शर्मा ने बताया कि प्रथम दृश्य से आत्महत्या मामला प्रतीत होता है। पोस्टमार्टम के बाद आगे कुछ कहा जा सकता है। मृतक के स्वजनों के द्वारा आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। लिखित आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## विद्यालय में सेवा कार्यक्रम आयोजित

साहिबगंज - आर्ट ऑफ गिविंग के 13वें स्थापना दिवस के अवसर पर साहिबगंज जिले के नेत्रहीन एवं स्पैस्टिक दिव्यांग आवासीय विद्यालय में बच्चों के बीच शैक्षणिक सामग्री एवं खानपान की आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया गया.कार्यक्रम का आयोजन आर्ट ऑफ गिविंग के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर रितेश कुमार रंजन के नेतृत्व में किया गया. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद लोगों तक उनकी आवश्यकतानुसार सामग्री पहुंचाना एवं मानव सेवा के प्रति लोगों को प्रेरित करना था.इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में साहिबगंज कॉलेज के प्रोफेसर एवं एनएसएस जिला नोडल पदाधिकारी डॉ. प्रशांत कुमार भारती उपस्थित थे.कार्यक्रम को सफल बनाने में राहुल कुमार, रविशंकर कुमार, रितेश कुमार, सौरभ कुमार, दीपेश कुमार, प्रेम कुमार,एवं अन्य सहयोगियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही.आर्ट ऑफ गिविंग संस्था लगातार समाज सेवा एवं जरूरतमंदों की सहायता के लिए कार्य करती रही है ।

**पूर्व रेलवे**

**खुला ठिका खोबोर सं.: टीआरडी-डब्ल्यूसी-जीएसयू-2026-27-01, तारिकः 19.05.2026,** वरिष्ठ मंडल, विद्युत इंजीनियर /टीआरडी, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 होतेते आसाक् ठिकादारको ओकोय ठेन दो वैध विद्युत ठेकेदार रेयाक् लाइसेंस आर सुपरवाइजरी लाइसेंस मेनाक्आ आर नोवाको कामी पुराउ रे वित्तीय रूप तेको दाड़ेयाक्आ, ओनको ठेन ई-ठिकाय खोजेत् काना। **ठिका केस सं. टीआरडी-डब्ल्यूसी-जीएसयू-2026-27-01, कामी जुतुमः-** नोवाको टीआरडी कामीः (क) आसनसोल मंडल-तुलसीटांड़ रे अप लूप, (ख) आसनसोल मंडल-छोटा अमबोना-अप दोसार लूप रेयाक् प्रावधान। (ग) आसनसोल मंडल-तापसी-डीडी-2 धाबिच् आर खोन सीधा रिसेप्शन/डिस्पैच सुबिताको सालाक् स्टेशन यार्ड रेयाक् रिमॉडलिंग। (घ) आसनसोल मंडल-सोनाचारा रे पृथक्करण सालाक् पुराउ लंबाई रेयाक् लूप। **ठिका गोनोङः** रू 3,97,16,374.65, **बायना टाकाः** रू 7,94,300/-, **कामी मुचाद सोमोयः** आँगोच साकाम जारीक् तारिक खोन 12 गेलबार चान्दो। **कामीय लागित् प्रस्ताव रेयाक् वैधताः** खुलाक् तारिक खोन 45 दिन। **खुलाक् तारिक आर सोमोयः** तारिक 22.06.2026 हिलोक् 15.00 बजे। पुराउ विवोरोन रेलवे रेयाक् वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** रेपे ञेल दाड़ेयाक्आ।

ASN-97/2026-27

ठिका खोबोर वेबसाइट **www.er.indian-railways.gov.in/www.ireps.gov.in** रे हों मेनाक्आ।

नोंडे पांजालेपेः @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# तीन दिनों से आजादनगर में बिजली संकट, लोगों में आक्रोश

## आक्रोशित उपभोक्ताओं ने बिजली कार्यालय को घेरा



विशेष संवाददाता

**दुमका ।** शहर के आजाद नगर मुहल्ला क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से जारी बिजली संकट को लेकर मंगलवार को लोगों का गुस्सा फूट पड़ा।

लगातार लो-वोल्टेज और बार-बार बिजली ट्रिपिंग की समस्या से परेशान मोहल्लावासियों ने सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ता मो.महबूब आलम और बबलू देहाती के नेतृत्व में बिजली कार्यालय पहुंचकर घेराव किया और अधीक्षण अभियंता और कार्यपालक अभियंता को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन सौंपने वालों में मो.महबूब आलम एवं जियायुल हक उर्फ बबलू देहाती के साथ ही चंद्रशेखर झा, राजेश गुप्ता और मो.शमीम अख्तर सहित मुहल्ले के कई गणमान्य और आम बिजली उपभोक्ता शामिल थे।ज्ञापन में उपभोक्ताओं ने बताया कि क्षेत्र में वर्तमान में लगा 200 KVA का ट्रांसफॉर्मर लगातार ओवरलोड की स्थिति में है, जिसके कारण बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। लोगों ने कहा कि बीते तीन दिनों से अधिकांश घरों में अंधेरा पसरा हुआ है और पानी, मोबाइल चार्जिंग समेत दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं।मोहल्लावासियों ने विभाग से आजाद नगर क्षेत्र में शीघ्र 500 KVA का नया ट्रांसफॉर्मर लगाने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।बिजली वितरण निगम,दुमका के अधीक्षण अभियंता ने बिजली संकट की समस्या को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभाव से एक 200 KVA का अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर आज ही आजादनगर में लगाने का निर्देश दिया।सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर के आदेश पर मुहल्ला में 200 केवीए का नया ट्रांसफॉर्मर लगाया जा रहा है।देर शाम तक इस इलाके में बिजली आपूर्ति पुनर्बहाल नहीं हुई थी।

# बासुकीनाथ धाम में श्रद्धालुओं को मिलेंगी वर्ल्ड क्लास सुविधाएं : डीसी



**दुमका ।** विश्व प्रसिद्ध राजकीय श्रावणी मेला 2026 को सुरक्षित, सुगम और भव्य बनाने के लिए जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। समाहरणालय सभागार में बुधवार को उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें मेले के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न विभागों के कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की गई और अधिकारियों को सख्त दिशा-निर्देश दिए गए। श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र शिवगंगा की सफाई को लेकर उपायुक्त ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने संबंधित विभाग को अल्टीमेटम देते हुए 15 जून तक हर हाल में सफाई कार्य पूरा करने का आदेश दिया। इसके साथ ही पूरे मेला क्षेत्र और नेशनल हाईवे पर लगी सभी स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया है ताकि कहीं भी अंधेरा न रहे। मंदिर परिसर में लगे सभी एसी, लाइट और सीसीटीवी कैमरों को भी पूरी तरह क्रियाशील रखने को कहा गया है।

# स्थानीय युवाओं को दुमका में पढ़ाई के साथ मिलेगी बैंकिंग की व्यावहारिक ट्रेनिंग



**दुमका।** शिक्षा को सीधे रोजगार से जोड़ने और स्थानीय युवाओं को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक, दुमका और प्रतिष्ठित सेंट जेवियर्स कॉलेज के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस अनूठी साझेदारी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में रोजगारोन्मुखी कौशल का विकास करना है। इस समझौते के तहत सेंट जेवियर्स कॉलेज द्वारा चुनिंदा होनहार विद्यार्थियों की एक सूची बैंक को सौंपी जाएगी। इसके बाद अगले सप्ताह से ही इन विद्यार्थियों की इंटर्नशिप प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इस विशेष ट्रेनिंग प्रोग्राम के दौरान छात्र-छात्राओं को किताबी ज्ञान से हटकर सीधे बैंकिंग कार्यप्रणाली को समझने का मौका मिलेगा। उन्हें ग्राहक सेवा, वित्तीय साक्षरता, आधुनिक डिजिटल लेन-देन की बारीकियों और विभिन्न वित्तीय उत्पादों की प्रत्यक्ष जानकारी दी जाएगी। बैंक के तकनीकी प्लेटफॉर्म पर काम करने का यह अनुभव विद्यार्थियों को भविष्य के कॉर्पोरेट और बैंकिंग करियर में दूसरों से आगे रखेगा।

# कस्तूरबा विद्यालय में गूंजी अधिकारों की आवाज




**दुमकाः** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सुधांशु कुमार शशि के निर्देशानुसार दुमका में न्याय और जागरूकता की नई अलख जगाई जा रही है। डालसा के तत्वावधान में चल रहे 90 दिवसीय सघन जागरूकता अभियान के तहत बुधवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में एक विशेष विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राधिकार के सचिव विवेक कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को उनके मौलिक अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और आधुनिक दौर के सबसे बड़े खतरे यानी साइबर अपराध से बचाव के प्रति सजग बनाना था। कार्यक्रम के दौरान कानूनी विशेषज्ञों और वक्ताओं ने छात्राओं को बाल विवाह, बाल श्रम, मानव तस्करी और लैंगिक समानता जैसे गंभीर सामाजिक मुद्दों पर विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही पॉक्सो अधिनियम, घरेलू हिंसा और साइबर सुरक्षा के नियमों को बेहद सरल भाषा में समझाया गया। छात्राओं को प्रेरित करते हुए बताया गया कि वे किसी भी प्रकार के उत्पीड़न या समस्या के खिलाफ आवाज उठाने से न डरें। किसी भी विषम परिस्थिति में वे डालसा के माध्यम से पूरी तरह निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकती हैं। संकट के समय तुरंत मदद पाने के लिए छात्राओं को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181 और आपातकालीन सेवा नंबर 112 की उपयोगिता के बारे में भी जागरूक किया गया।

# नवल किशोर सिंह बने जरमुंडी के नए पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी



**जरमुंडी ।** जरमुंडी थाना में बतौर थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक के रूप में सेवा दे चुके नवल किशोर सिंह अब पुलिस उपाधीक्षक के रूप में प्रोन्नत होकर जरमुंडी के नए पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी नियुक्त किए गए हैं। जरमुंडी में पुराने पुलिस पदाधिकारी रह चुके पुलिस उपाधीक्षक नवल किशोर सिंह को यहां की भौतिक स्थिति के बारे में अच्छी जानकारी है। उनके इस अनुभव से बासुकीनाथ श्रावणी मेला के दौरान विधि व्यवस्था के संधारण में काफी मदद मिलेगी। बता दें कि वह इससे पूर्व बोकारो में पुलिस इंस्पेक्टर के रूप में कार्यरत थे। वहीं जरमुंडी के निवर्तमान सीडीपीओ अमित कच्छप का रांची स्पेशल ब्रांच में तबादला हो गया है। नवल किशोर सिंह दुमका टाउन थाना एवं शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र में भी कार्य कर चुके हैं। उनके पुनः जरमुंडी में नियुक्ति की सूचना से स्थानीय नागरिकों में हर्ष है।

# किसानों के हक और अधिकारों को लेकर भाजपा ने किया धरना-प्रदर्शन



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका ।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा दुमका प्रखंड मुख्यालय में किसानों के हक और अधिकारों को लेकर बुधवार को एकदिवसीय धरना कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता दुमका गांदो मंडल अध्यक्ष गणपति पाल, सदर मंडल अध्यक्ष मनीष कुमार और दुमका नगर संयोजक पंकज वर्मा ने संयुक्त रूप से की, जबकि मंच का संचालन गणपति पाल ने किया।

धरना प्रदर्शन में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री रविकांत मिश्रा ने झारखंड की हेमंत सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों से बड़े-बड़े वादे करके सत्ता में आई यह सरकार आज उन्हें उनके बुनियादी अधिकारों से वंचित कर रही है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री मृणाल मिश्रा ने कहा कि राज्य सरकार ने किसानों को 3200 न्यूनतम समर्थन मूल्य देने का वादा किया था, जिसे आज तक पूरा नहीं किया गया। उन्होंने आगे कहा कि हाल ही में हुई ओलावृष्टि और प्राकृतिक आपदा से किसानों की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गईं, लेकिन सरकार ने अब तक उचित मुआवजा नहीं दिया। इस धरना कार्यक्रम में जिला महामंत्री मृणाल मिश्रा, सोनी हेंब्रम, अमिता रक्षित, रविंद्र बास्की, श्रीधर दास, पूनम शाह, गुंजन मरांडी, मार्शल ऋषिराज टुडू, ओम केसरी, संतोष कुमार साह, शिव कुमार साह, चंदन चालक, नरेश चंद्रवंशी, सुजीत कुमार, रितेश कुमार, आनंद चालक, जीतू हरि, लोटन दास, सागर साहनी, उत्तम शर्मा, बिट्टू सिंह, पिंटू शाह, अरविंद दुबे, महेंद्र सिंह, परमेश्वर राय, कुश पाल, अजीत मिर्धा, दीपाली मंडल, श्याम चांद पाल, निमाई वेद, पुष्पाल हेमलाल मुर्मू, सनातन मुर्मू, सुनीलाल मुर्मू, नारायण वेद, माणिक झा, दिनू मंडल, जगबंधु मंडल, जियाधर मंडल और आराधन मंडल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय किसान और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पारिवारिक विवाद में युवक ने फंदे से लटक कर दे दी अपनी जान



संवाददाता

**गोपीकांदर ।** गोपीकांदर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड कार्यालय के समीप एक 30 वर्षीय युवक प्रदीप साह ने पारिवारिक विवाद के चलते अपने ही निजी आवास में बीते मंगलवार की आधी रात को रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है, बुधवार को प्रदीप ने 5? बजे सुबह तक अपने घर का दरवाजा नहीं खोला तो परिजनों को शक हुआ. परिजनों ने काफी प्रयास के बाद दरवाजा खोलने का प्रयास किया लेकिन खोल नहीं पाया. आस-पड़ोस के लोगों को बुलाकर छत का खपरैल को हटाकर देखा तो रस्सी के सहारे फांसी लगाकर लटक रहा है, प्रदीप को फांसी में लटकते देख परिवार के लोगों में चीख पुकार मच गया। परिजनों ने बताया कि प्रदीप दुमका के एक होटल में रसोईया का काम किया करता था. रविवार को छुट्टी लेकर अपना घर गोपीकांदर आया हुआ था. प्रदीप अपने पत्नी से रविवार को झगड़ा किया और सोमवार सुबह से ही दारू पीना शुरू कर दिया. दारू का सेवन ज्यादा हो जाने से मंगलवार रात को फांसी लगाकर अपना जीवन लीला समाप्त कर लिया. घर के सदस्यों ने प्रदीप को गोपीकांदर तिरुपतिया नदी घंटीधारा में अंतिम संस्कार कर दिया गया. घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर देखी जा रही हैं। खबर लिखे जाने तक गोपीकांदर थाना में घटना की सूचना नहीं मिला था।

## सरैयाहाट में बंद रहे मेडिकल स्टोर

**सरैयाहाट/निज संवाददाता।** ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट् एसोसिएशन के आह्वान पर बुधवार को सरैयाहाट बाजार सहित आसपास के क्षेत्रों में मेडिकल स्टोर बंद रहे। केमिस्टों ने ऑनलाइन दवा बिक्री, कॉरपोरेट कंपनियों द्वारा भारी डिस्काउंट तथा नकली दवाओं के खिलाफ एक दिवसीय बंद रखकर विरोध प्रदर्शन किया। बंद के कारण दिनभर अधिकांश दवा दुकानें बंद रहीं, जिससे लोगों को दवा खरीदने में परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि कई आवश्यक सेवाओं को ध्यान में रखते हुए कुछ दुकानदारों ने आपातकालीन जरूरत वाले मरीजों को सीमित रूप से दवाएं उपलब्ध कराईं।

# लाइन होटल में घुसी अनियंत्रित बस, कार को रौंदा, दर्जन भर घायल



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**गोपीकांदर ।** गोबिंदपुर-साहेबगंज स्टेट हाइवे पर एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। मिथिला कंपनी की एक अनियंत्रित स्टार बस ने सड़क किनारे खड़े एक सिल्वर रंग के स्विफ्ट डिजायर कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस कार को रौंदते हुए सीधे संतोष लाइन होटल के अंदर जा घुसी। इस हादसे में करीब एक दर्जन लोगों के घायल होने की खबर है।

**ड्यूटी पर जा रही सफाई कर्मी गंभीर रूप से जख्मी**

घायलों में गोपीकांदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत सफाई कर्मी शिलबिया सोरेन भी शामिल हैं। दुर्घटना के बाद उन्हें तुरंत स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

**प्राथमिक उपचार के बाद दुमका रेफर**

अस्पताल में मौजूद डॉ. पंचमलाल यादव ने शिलबिया सोरेन का प्राथमिक उपचार किया। डॉक्टर ने बताया कि शिलबिया के हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। बेहतर इलाज के लिए उन्हें दुमका रेफर कर दिया गया है। राहत की बात यह है कि चिकित्सक के अनुसार फिलहाल उनकी स्थिति सामान्य और खतरे से बाहर है।

# तेज रफ्तार का कहर : पेड़ से टकराई बाइक नवविवाहित युवक और उसके साले की मौत



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**रामगढ़ (दुमका)।** सिंदुरिया-मोहनपुर मुख्य मार्ग पर कनियाजमाई गांव के पास बुधवार को एक भीषण सड़क हादसे में जीजा और साले की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों एक सफेद रंग की बजाज पल्सर बाइक से बेहद तेज गति में रामगढ़ की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों के सिर पर गंभीर चोटें आईं और सड़क पर खून बिखर गया।

हादसे की आवाज सुनकर स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने निजी वाहनों की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामगढ़ पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।मृतकों की पहचान कोनापाथर निवासी 22 वर्षीय फूलबाबू मड़ैया और गोड्डा जिले के रहने वाले उनके साले एतवारी मड़ैया के रूप में हुई है। इस हादसे से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। बताया जा रहा है कि फूलबाबू की शादी कुछ ही दिन पहले हुई थी, जिससे परिवार में अभी उत्सव का माहौल था, जो इस हादसे के बाद पूरी तरह मातम में बदल गया। घटना की सूचना मिलते ही रामगढ़ थाना पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस दर्दनाक हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से इस खतरनाक मोड़ पर यातायात नियंत्रण, स्पीड ब्रेकर और चेतावनी बोर्ड लगाने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

## टेलर और ट्रक की आमने-सामने टक्कर, डेढ़ घंटे तक केबिन में फंसा रहा चालक

**हंसडीहा ।** हंसडीहा-दुमका मुख्य मार्ग पर बुधवार देर शाम एक भीषण सड़क हादसे में टेलर और ट्रक की आमने-सामने टक्कर हो गई। दुर्घटना हंसडीहा थाना क्षेत्र के ओड़तारा पेट्रोल पंप के समीप हुई, जिसमें टेलर चालक गंभीर रूप से घायल होकर केबिन में फंस गया। करीब डेढ़ घंटे तक चले राहत एवं बचाव कार्य के बाद पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से चालक को बाहर निकालकर इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टेलर हंसडीहा की ओर से दुमका की तरफ जा रही थी, जबकि ट्रक विपरीत दिशा से आ रहा था। जैसे ही दोनों वाहन ओड़तारा पेट्रोल पंप के समीप पहुंचे, अचानक दोनों में जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों के अगले हिस्से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

# क्लस्टर सिस्टम के विरोध में उबला दुमका : एबीवीपी ने किया धरना-प्रदर्शन, सीएम का पुतला फूंका



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका।** झारखंड सरकार द्वारा राज्य में लागू किए जा रहे 'क्लस्टर सिस्टम' के खिलाफ छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मोर्चा खोल दिया है। बुधवार को दुमका के प्रतिष्ठित संथाल परगना महाविद्यालय में एबीवीपी के बैनर तले छात्र-छात्राओं ने एकदिवसीय जोरदार धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्रों का आक्रोश झारखंड सरकार के खिलाफ साफ देखने को मिला, जहाँ उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया।

प्रदर्शन के दौरान छात्रों को संबोधित करते हुए कॉलेज अध्यक्ष अमन सेन ने कहा कि यह आंदोलन सिर्फ एक सामान्य प्रदर्शन नहीं है, बल्कि यह छात्रों के भविष्य, उनके अधिकारों और महाविद्यालयों के अस्तित्व को बचाने की लड़ाई है। एबीवीपी हमेशा से छात्रहितों के लिए लड़ती रही है और सरकार के इस तानाशाही फैसले के खिलाफ भी चुप नहीं बैठेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार भले ही इसे शिक्षा व्यवस्था में सुधार का जरिया बता रही हो, लेकिन हकीकत में इससे छात्रों की परेशानियाँ और बढ़ेंगी। इस सिस्टम के आने से छोटे और ग्रामीण क्षेत्रों के कॉलेजों की स्वतंत्र पहचान पूरी तरह खत्म हो जाएगी और वर्षों पुराना इतिहास समेटे हुए महाविद्यालय महज एक 'क्लस्टर' का हिस्सा बनकर रह जाएंगे।

आंदोलन में शामिल एबीवीपी कार्यकर्ता पूनम हांसदा ने ग्रामीण और गरीब छात्रों की व्यावहारिक दिक्कतों को सामने रखा। उन्होंने कहा कि यदि किसी ग्रामीण कॉलेज को दूर स्थित किसी मुख्य कॉलेज से जोड़ दिया जाता है, तो छात्रों को फॉर्म भरने, परीक्षा देने, प्रैक्टिकल परीक्षाओं और छोटे-मोटे प्रशासनिक कार्यों के लिए बार-बार दूसरे शहरों के चक्कर लगाने पड़ेंगे।

वहीं, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अमन शाह ने दोटूक शब्दों में अपनी मांगें रखीं। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार इस छात्र विरोधी क्लस्टर सिस्टम को तुरंत वापस ले। भविष्य में छात्रों और उनके प्रतिनिधियों से राय लिए बिना कोई भी नई शिक्षा नीति लागू न की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इस फैसले को वापस नहीं लिया, तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और उग्र किया जाएगा और सड़क से लेकर सदन तक इस आवाज को बुलंद किया जाएगा।

इस विशाल विरोध प्रदर्शन और पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप से विभाग संगठन मंत्री हिमांशु दुबे, शोध सह प्रमुख अभिषेक तिवारी, एसएफएस संयोजक अनूप दत्त, माधव कुमार, अभिषेक पाल, चयन चक्रवर्ती, हेमंत राय, अंकित कुमार, ज्योति कुमारी, स्वीटी कुमारी, अजय टुडू, कान्हू हेम्ब्रम, विकास कुमार, रामचंद्र पंडित, धर्मवीर, आशीष, रविदास, बाहा हांसदा, निशा हांसदा, राहुल शाह, पीयूष कुमार, निखिल कुमार और रितेश दत्त सहित भारी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# हेमंत सरकार की वादाखिलाफी के खिलाफ भाजपा के कार्यकर्ताओं ने दिया धरना



**मसलिया।** प्रखंड मुख्यालय में भारतीय जनता पार्टी के मसलिया मंडल अध्यक्ष सहदेव मरांडी और बासमत्ता मंडल अध्यक्ष नंदकिशोर मंडल की संयुक्त अध्यक्षता में एक दिवसीय धरना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह धरना राज्य की हेमंत सरकार द्वारा किसानों से किए गए वादों को पूरा न करने के विरोध में दिया गया, जिसमें भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय किसानों ने हिस्सा लेकर सरकार के प्रति अपना कड़ा आक्रोश जताया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित मंडल प्रभारी परितोष सोरेन ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि चुनाव के दौरान किसानों से बड़े-बड़े दावे किए गए थे, लेकिन आज राज्य का किसान खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार सिर्फ घोषणाओं तक सीमित है। इस धरने में गौरीशंकर यादव, रविशंकर झा, भुवनेश्वर टुडू, पवन सिंह, सुबल प्रसाद यादव, हाराधन ठाकुर, बलदेव हांसदा सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# झामुमो ने की फ्लाई ओवर निर्माण और एसआईआर को लेकर चर्चा



**सरैयाहाट ।** मुख्यालय स्थित कोल्ड स्टोरेज परिसर में झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड कमिटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस सांगठनिक बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष देवलाल बेसरा ने की, जबकि मंच संचालन प्रखंड सचिव मुर्तजा अंसारी द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो जिलाध्यक्ष शिवकुमार बास्की और विधानसभा प्रत्याशी अशोक कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संगठन की मजबूती और आगामी प्रशासनिक प्रक्रियाओं को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष ने प्रखंड कमिटी को आगामी एसआईआर और जनगणना को लेकर पूरी तरह सचेत रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे समय रहते यह सुनिश्चित करें कि हर घर में एसआईआर से जुड़ा कम से कम एक जरूरी दस्तावेज अनिवार्य रूप से उपलब्ध हो। इसके साथ ही, चुनाव और मतदाता सूची से जुड़े कार्यों के लिए हर बूथ पर पार्टी द्वारा नियुक्त किए गए बीएलए को विशेष प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। बैठक में महेश मंडल, राजेश चौधरी, सुरेन्द्र शर्मा, कृष्ण मोहन जायसवाल, दिलीप मंडल, अशोक मंडल, मनोज मरांडी, देवाशीष टुडू, महालाल टुडू, नंदकिशोर साह सहित काफी संख्या में झामुमो पदाधिकारी और सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पीवीटीजी समुदाय की छूटी हुई महिलाओं को सखी मंडल से जोड़ना है : बीडीओ



**दुमका।** जिले के मसलिया प्रखंड अंतर्गत सुदूरवर्ती पहाड़िया गांव आमगाछी पहाड़ में विकास की एक नई किरण पहुंची है। प्रखंड विकास पदाधिकारी के आदेशानुसार यहां एक विशेष अभियान चलाया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य पीवीटीजी समुदाय की छूटी हुई महिलाओं को सखी मंडल से जोड़ना है। इस पहल के जरिए इन महिलाओं को सरकारी योजनाओं और मुख्यधारा की आजीविका गतिविधियों से सीधे जोड़ा जाएगा। अभियान के दौरान ग्रामीण महिलाओं को संगठित होने के लिए प्रेरित किया गया, जिसका असर भी तुरंत देखने को मिला। मौके पर ही 17 महिलाओं को शामिल कर 3 नए सखी मंडलों का गठन किया गया। इस दौरान जेएसएलपीएस के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी और प्रखंड कल्याण पदाधिकारी ने दीदियों को महिला सशक्तिकरण, सामाजिक सुरक्षा और आजीविका संवर्धन की योजनाओं के बारे में विस्तार से समझाया। इसके अलावा डीडीयू-जीकेवाई के तहत मिलने वाले कौशल विकास प्रशिक्षण की भी जानकारी दी गई।

# जिला स्तरीय खरीफ कर्मशाला का आयोजन



**दुमका।** कन्वेंशन सेंटर में बुधवार को जिला स्तरीय खरीफ कर्मशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष जॉयस बेसरा, उपायुक्त अभिजीत सिन्हा और जिला परिषद उपाध्यक्ष सुधीर मंडल सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस कर्मशाला में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए किसानों और विभागीय अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला परिषद अध्यक्ष जॉयस बेसरा ने कहा कि आज के चुनौतीपूर्ण समय में कृषि ही समाज को स्थिरता दे सकती है। यह केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता का आधार है। उन्होंने पलायन पर चिंता जताते हुए कहा कि लोग रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में जा रहे हैं, जबकि आधुनिक तकनीक और योजनाबद्ध खेती से गांव में रहकर भी अच्छी कमाई की जा सकती है। उन्होंने कृषि विभाग को निर्देश दिया कि वे गांव-गांव जाकर किसानों को उन्नत बीज, नई तकनीक और वैकल्पिक खेती के लिए प्रशिक्षित करें ताकि किसानों की आय दोगुनी हो सके।

# सांसद ने 8 करोड़ लागत से बनने वाली तीन सड़कों का किया शिलान्यास



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**गोपीकांदर।** राजमहल लोकसभा सांसद विजय कुमार हांसदा ने बुधवार को प्रखंड क्षेत्र में आरईओ विभाग से कुल 8 करोड़ लागत से तीन सड़कों का शिलान्यास किया। सांसद ने पहले बबईखोड़ा गांव पहुंचा जहां सांसद का झामुमो कार्यकर्ता और ग्रामीणों के द्वारा सथाली रिति-रिवाज के साथ स्वागत किया गया। सांसद ने बबईखोड़ा के बगल गांव भदरादिघा से पिपरा पहाड़िया टोला तक 5.300 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य फीता काट और नारियल फोड़कर विधिवत शिलान्यास किया। इसके बाद सांसद बड़ापाथर गांव पहुंचा जहां पर उन्होंने 2 किलोमीटर और फिर खजूरडंगाल में करीब 500 मीटर सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस दौरान सांसद ने ग्रामीणों के जनसमस्याओं से भी रूबरू हुए, मौके पर सांसद ने कहा कि क्षेत्र के ग्रामीण इलाके में आवागमन सुविधा बढ़ाने के लिए इन सड़कों का निर्माण आवश्यक है। सांसद विजय हांसदा राजमहल लौटने के दौरान झामुमो वरिष्ठ कार्यकर्ता स्व.सुशील सोरेन का पृथक गांव जोड़ासिमल पहुंचा, उन्होंने सुशील सोरेन की निधन का शौक व्यक्त करते हुए परिवार लोगों का हर समय मदद करने का आश्वासन दिया, साथ उन्होंने कहा सुशील सोरेन झामुमो पार्टी का एक सच्चा सिपाही था उन्होंने पार्टी को मजबूती के लिए हर समय साथ दिया है। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि ज्योतिष बास्की, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष संतोष मरांडी, जीप सदस्य सह केन्द्रीय समिति सदस्य निशा सबनम हांसदा, पोलिना मुर्मू, प्रखंड सचिव सुलेमान हांसदा, मंटू मंडल, माईकल हेंब्रम, कुबराज बेसरा, सुभाष दास, बदरूल शेख, दशरथ भगत सहित दर्जनों झामुमो कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद थें।

# हैंड हेल्ड एक्स-रे जांच और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

साहिबगंज -सिविल सर्जन साहिबगंज के निर्देशानुसार एवं जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. किरण माला की उपस्थिति में जिले में संचालित 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों में हैंड हेल्ड एक्स-रे जांच एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया.अभियान के तहत राजमहल प्रखंड के बुधवारिया क्षेत्र में 123 लोगों, बरहरवा प्रखंड के इस्लामपुर आयुष्मान आरोग्य मंदिर में 58 लोगों तथा सदर प्रखंड, साहिबगंज अंतर्गत वर्क प्लेस स्क्रीनिंग के तहत् सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सदर में 66 लोगों की हैंड हेल्ड एक्स-रे मशीन के माध्यम से जांच की गई. इस प्रकार कुल 247 लोगों की जांच की गई.


## कार्यालयः- जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, दुमका
(जिला आयुश समिति दुमका)
Mail —damodumkajhr@gmail.com

**पारिश्रमिक के आधार पर योग प्रशिक्षकों के चयन हेतु विज्ञापन**

विज्ञापन सं0 —01 / आयुश / 2026

जिला आयुश समिति दुमका के अधीनस्थ संचालित सभी 19 (उन्निस) आयुश्मान आरोग्य मंदिर (आयुश) हेतु पारिश्रमिक के आधार पर योग प्रशिक्षक (Part Time) के चयन हेतु दिनांक—03.06.2026 एवं दिनांक —04.06.206 को पूर्वाहन 10:30 बजे से Walk-In –Interview "सिविल सर्जन कार्यालय दुमका के सभागार" में निर्धारित किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थियों से निम्नलिखित शर्तो के अधीन विज्ञापन की तिथि से दिनांक— 02.06.2026 संध्या 5 बजे तक "कार्यालय जिला संयुक्त औशधालय दुमका, बांधपाडा (पोस्टमार्टम हाउस के बगल में)दुमका पिन 814101" के कार्यालय में रजिस्टर्ड डाक या स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही आवेदन स्वीकार किया जायेगा।

| क्र0सं0 | पद नाम | पदों कि सं0 | आवश्यक अर्हता | पारिश्रमिक |
|---|---|---|---|---|
| 01 | योग प्रशिक्षक (Part Time) (पुरूष / महिला) | पुरूष— 19 महिला—16 | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविधालय / संस्थान से योग के विषय पर डिग्री / डिप्लोमा / सर्टिफिकेट कोर्स का होना या योगा सर्टिफिकेशन बोर्ड / प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना से सर्टिफाईड | योग प्रशिक्षक (Part Time ) को प्रत्येक सत्र के लिए रूपये 250 / — देय होगा। |

योग प्रशिक्षक (Part Time) के Walk –In Interview की प्रखण्डवार सूचीः—

| क्र0 सं0 | सक्षात्कार की तिथि | प्रखण्ड का नाम |
|---|---|---|
| 1. | 03 / 06 / 2026 | शिकारीपाडा, रानेश्वर, मसलिया, जामा, जरमुण्डी, |
| 2. | 04 / 06 / 2026 | रामगढ़, गोपीकान्दर, काठीकुण्ड, सरैयाहाट, दुमका सदर |

सामान्य निर्देशः—

1. साक्षात्कार के दिन संबंधित सभी तरह के प्रमाण पत्रों की स्वहस्ताक्षरित छाया प्रति एवं मूल प्रति एवं दो पासपोर्ट साईज फोटो अपने साथ लाऐंगे।
2. साक्षात्कार हेतु वांछित आवेदन प्रपत्र में आयुश्मान आरोग्य मंदिर कार्यस्थल चयन हेतु वरीयता के आधार पर तीन स्थल चयन करना अनिवार्य होगा।
3. चयन के किसी भी चरण में यदि यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी पात्रता मापदण्ड / तथ्यों को पूरा नहीं करता है, तो उसकी उम्मीदवारी रदद् कर दी जाएगी।
4. साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए उम्मीदवार को कोई भी यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
5. चयन के उपरांत नौकरी के नियमितीकरण के संबंध में किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा, अगर भविश्य में नियमितिकरण का दावा करते है तो वैसी स्थिति में उनकी उम्मीदवारी सामाप्त कर दी जाएगी ।
6. कार्य दिवस / योग सत्र आयुश मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा दिए गये मार्ग दर्शिका के अनुरूप होगी ।
7. प्रत्येक आयुश्मान आरोग्य मंदिर (आयुश) (विज्ञापन के साथ संलग्न) में योग / अन्य Wellness Activities का पुरूश योग प्रशिक्षक (Part-Time) द्वारा कम से कम 10 एवं अधिकतम 32 सत्र एवं महिला योग प्रशिक्षक (Part Time) द्वारा कम से कम 10 एवं अधिकतम 20 योग सत्र तथा HSC कोरईया ,मोरटंगा, जामदली, दुमका प्रखंड हेतु पुरूश योग प्रशिक्षक (Part Time) को अधिकतम 10 योग सत्र निर्धारित तिथि एवं समय पर कराया जाना आवश्यक होगा। प्रत्येक सत्र 2 घंटे का होगा। प्रत्येक सत्र में कम से कम 5 व्यक्ति का होना आवश्यक होगा।
8. स्थानीय प्रमाणित ( Certified) योग प्रशिक्षक एवं अनुभवी योग प्रशिक्षक को प्राथमिकता दी जाएगी। जिसके लिए स्थानीय प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना आवश्यक होगा। दुमका जिले के स्थानीय अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जाएगी।
9. यदि एक से अधिक अभ्यर्थी चयनित हो तो वैसी स्थिति में योग कोर्स के प्राप्तांक दूसरा निर्णायक कारक होगा।
10. आयुश्मान आरोग्य मंदिर (आयुश) के 5–10 किलोमीटर की परिधि में रहने वाले योग प्रशिक्षक को प्राथमिकता दी जाएगी।
11. योग / अन्य Wellness Activities के लिए आयुश्मान आरोग्य मंदिर में निर्धारित जगह चिन्हित की जाएगी। यदि आयुश्मान आरोग्य मंदिर में जगह उपलब्ध नहीं होगी तो वैसी स्थिति में निकटतम स्कुल, पंचायत भवन, आंगनबाडीं केन्द्र, या अन्य सामुदायिक भवन में योग / अन्य Wellness Activities के लिए जगह निर्धारित किया जा सकता है।
12. चयनित योग प्रशिक्षक (Part Time ) का पद एवं पारिश्रमिक आयुश मंत्रालय, भारत सरकार / आयुश निदेशालय रॉंची झारखण्ड द्वारा प्राप्त निर्देश के अनुसार होगा।
13. योग हेतु योगा मैट / दरी उक्त आयुश्मान आरोग्य मंदिर द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी।
14. योगा हौल में योग / अन्य Wellness Activities का प्रचार प्रसार हेतु पोस्टर लगाना आवश्यक होगा जोकि आयुश्मान आरोग्य मंदिर द्वारा उपलब्ध करायी जाएगी।
15. एक योग प्रशिक्षक अधिकतम तीन आयुश्मान आरोग्य मंदिर मे अपनी सेवा प्रदान कर सकते है।

16- आयुश्मान आरोग्य मंदिर (आयुश) की सूची एवं आवेदन हेतु विहित प्रपत्र कार्यालय सूचना पट्ट / NIC Dumka Portal "https;//dumka.nic.in" पर उपलब्ध है ।

17. इस विज्ञापन में टंकक अशुद्धि / संशोधन तथा Walk-In-Interview की तिथि मे आवश्यकतानुसार परिवर्तन करने का अधिकार जिला चयन समिति दुमका के पास सुरक्षित होगा।

सदस्य सचिव
जिला आयुश चिकित्सा पदाधिकारी, दुमका

अध्यक्ष
सिविल सर्जन
दुमका

PR 380281 Health Med Edu and Family Welfare(26-27)#D



## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, दुमका (झारखण्ड) (कल्याण शाखा)

**आदेश**

निदेशक, जनजातीय कार्यमंत्रालय, भारत सरकार, नईदिल्ली, के पत्रांक—18015 / 02 / 2026—PVTG, दिनांक—12.05.2026 एवं विशेष सचिव, अनु0ज0जा0, अनु0जा0 अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड, रॉंची का पत्रांक—656, दिनांक —14.05.2026 के आलोक में दिनांक—18.05.2026 से दिनांक—25.05.2026 तक IEC (Information, Education & Communication ) Campaign Jan Bhagidaari-Sabse Door, SabsePehle' का आयोजन किया जाना है। उक्त कार्यक्रम की विवरणी निम्न प्रकार हैः—

| Date | Event | Owner/Support | Activities |
|---|---|---|---|
| 18th May | Launch of Jan Bhagidaari Week | MoTA/States/ Districts | Orientation drive for District/Block/Village level officers by DC at collectorate an launch of the Abhiyan |
| 19th May to 25th May | Saturation and plantation Drives | States/Villages/ ASKs | Entitlement Drice: Saturation Camps and Health screening caqmps at village level on daily basis |
| 20th May | Activities at field level | Villages of PM JANMAN & DA-JGUA | " Village Immersion Drive – A Village Contact Activity". Organizing tr ansect walks in the villages by officers and AdiKarmayogis and NGOs to observe real time situation, spread awareness and declare the date of Jan Sunwai |
| 21th May to 23rd May | Jan Sunwai | ASKs | Jan Sunwaiactivites for grievance redressal and fastrack entitlements resolution on daily basis |
| 24th May | Documentation | States/Districts/ Villages | Preparation of the Proof Card/ Progress Report Card of the Jan Sunwai with following KPIs: Issues Heard, Entitlements Resolved, Pending Escalations, Officers Responsible, Follow up Date |
| 25th May | Debriefing | States/Districts | Media Conference by DC/DM, PO- ITDA and debriefing meeting at collectorate with Block and Village Officers. Discussion on way-forward and further momentum retention. |

उक्त कार्यक्रम PM JANMAN एवं DA-JGUA के अन्तर्गत अच्छादित ग्रामों में चयनित आदि सेवा केन्द्रों में किया जाना है।

**सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, दुमका जिला / सभी प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी, दुमका जिला को** निदेश है कि उक्त निर्धारित कार्यक्रम के आलोक में कार्यकरना सुनिश्चत करेंगे। साथ ही उक्त कार्यक्रम से संबंधित जियो टेग फॉटोग्राफ, प्रेस का कतरन एवं विडयो भी आदि कर्मयोगी पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।

**DPM, JSPLS, DUMKA** को निदेश दिया जाता है कि PM JANMAN एवं DA-JGUA के अन्तर्गत अच्छादित 689 ग्रामों में जो महिलाएं सखीमंडल में नहीं जुड़ी हुई है उन्हें JSPLS से जोड़ने हेतु वि शेश अभियान चलायेंगे।

**जिला कल्याण पदाधिकारी, दुमका** को निदेश दिया जाता है कि सारी विभाग से संबंधित योजना का प्रपत्र तैयार हुए सभी प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। **सभी प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी** उक्त प्रपत्र में ग्राम स्तरीय आदि सहयोगी / आदि साथी से प्रतिवेदन प्राप्त करते हुए जिला कल्याण कार्यालय, दुमका को समेकित प्रतिवेदन उपलब्ध करायेंगे। तदपश्चात् संबधित विभाग को प्रतिवेदन प्रेशित किया जाएगा।

उक्त कार्य का पर्यवेक्षण हेतु **जिलाकल्याण पदाधिकारी, दुमका** को नोडल पदाधिकारी नामित किया जाता है।

PR.NO.380306 Welfare(26-27):D

उपायुक्त, दुमका।



## पूर्व रेलवे

**ई-ठिका़ खोबो़र संख्याः ओ-एसी-टी-33 खो़न 36-26727 (खुला़), मा़हित 18.05.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 होतेते लातार रे ओ़लाकान का़मीको ला़गित् ई-ठिका़को (खुला़) नेवतायेत् कानाः **क्रम सं. 1, केस संख्याः** ओ-एसी-टी-33-26-27, **का़मी रेयाक़् ञुतुमः** डीईएन/4/आसनसोल रेयाक़् का़मीटोठा ता़री रे अण्डाल रे बा़ड़िच् आकान पाइप लाइन बो़दोल ला़गित् खुला़ ठिका़। **ठिका़ रेयाक़् पूंजीः** रु. 52,43,043.56, **बायना पायसाः** रु. 1,04,900/-, **का़मी पुरा़उ रेयाक़् सो़मो़यः** 06 चान्दो। **क्रम सं. 2, केस संख्याः** ओ-एसी-टी-34-26-27, **का़मी रेयाक़् ञुतुमः** लातार रे ओ़लाकान का़मी ला़गित् खुला़ ठिका़-मेहशमुंडा (एमएमडी) स्टेशन रे रैंप आर शेड सालाक़् ते एफओबी रेयाक़् प्रावधान। **ठिका़ रेयाक़् पूंजीः** रु. 3,54,00,354.07, **बायना पायसाः** रु. 7,08,000/-, **का़मी पुरा़उ रेयाक़् सो़मो़यः** 12 चान्दो। **क्रम सं. 3, केस संख्याः** ओ-एसी-टी-35-26-27, **का़मी रेयाक़् ञुतुमः** एईएन/मधुपुर ता़री रे एसएसई/वी.वे/मधुपुर रेयाक़् खंड रे मधुपुर-गिरिडीह लाइन ला़गित् ट्रैक मोरामुतीय आर ञेलजो़तो़न ला़गित् खुला़ ठिका़। **ठिका़ रेयाक़् पूंजीः** रु.64,77,484.70, **बायना पायसाः** रु. 1,29,600/-, **का़मी पुरा़उ रेयाक़् सो़मो़यः** 12 चान्दो। **क्रम सं. 4,** केस संख्याः ओ-एसी-टी-36-26-27, का़मी रेयाक़् ञुतुमः अजय गाडा खो़न जसीडीह स्टेशन हा़बिच् बा़ड़ती बोरिंग आर वाटर पाइपलाइन कनेक्शन आर एमान तेयाक़् जुदा-जुदा का़मीको ला़गित् खुला़ ठिका़। **ठिका़ रेयाक़् पूंजीः** रु.8,77,79,797.55, **बायना पायसाः** रु. 17,55,600/-, **का़मी पुरा़उ रेयाक़् सो़मो़यः** 12 चान्दो। **बों़दो़क़् रेयाक़् ता़रीक आर सो़मो़यः** मा़हित 12.06.2026 हिलो़क़् 12.00 बजे। पुरा़उ बानाडाय दो़ रेलवे रेयाक़् वेबसाइट **www.ireps.gov.in** रे ञेल दाड़ेयाक़् आ।

ASN-95/2026-27

ठिका़ खोबो़र दो़ वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** रे हों बेबो़सता आकान मेनाक़् आ।

नों़डे पांजालेपेः @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter


# किसानों के हित में भाजपा ने दिया धरना



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

साहिबगंज-भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य प्रसाद साहू के निर्देशानुसार 15 मई से 20 मई तक पूरे झारखंड में प्रखंड कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम के तहत् अंतिम चरण में बुधवार को साहिबगंज जिले के शेष सात प्रखंड कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन कार्यक्रम किया गया. इस दौरान मौके पर मौजूद सभी नेता एवं कार्यकर्ता ने राज्य सरकार की जमकर आलोचना की साथ ही महामहिम राज्यपाल के नाम 12 सूत्री मांग पत्र सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से सौंपा. इस दौरान भाजपा के नेताओं ने बताया कि झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार गलत किसान विरोधी नीतियों के कारण वर्तमान में किसान कई मोर्चो पर जूझने को मजबूर हैं. एक तो प्राकृतिक आपदा से किसान यूं ही परेशान और हताश है वही हेमंत सरकार किसानों को लेकर के प्रारंभ से वादाखिलाफी का काम कर रही है. वर्तमान वर्तमान की सरकार हेमंत सोरेन की सरकार जिस वादों के साथ सत्ता में काबिज हुई थी. किसानों को लेकर कई बड़े-बड़े वादे किए थे, उन वादों को पूरा करने में हेमंत सरकार पूरी तरह से नाकाम साबित हुई. झामुमो और कांग्रेस के अलग-अलग अपने घोषणा पत्र में किसानों को धान का 3200 रूपया प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य देने , वन उत्पादों के एमएसपी में 50त्न प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करने, कृषि कार्य के लिए मुफ्त बिजली देने, किफायती दर पर खाद , बीज कृषि उपकरण देने, प्रत्येक पंचायत में कृषि यंत्र बैंक के साथ प्रारंभ के साथ बहुउद्देशीय गोदाम के निर्माण सभी किसानों को 1 रूपया प्रति डिसमिल की दर पर फसल बीमा योजना 1 रूपया प्रति पशुधन की दर से पशु बीमा की सुविधा उपलब्ध कराने सहित कई वादे किए. परंतु सरकार बनते ही यह सरकार अपने सभी वादों को भूल गई कोई भी वादा पूरा नहीं किया. 48 घंटे में किसानों के भुगतान का दम भरने वाली राज्य सरकार का दवा फिसड्डी साबित हुआ. धान बेचने के बाद भी हजारों किसानों का करोड़ों रुपया सरकार के पास बकाया है. झारखंड सरकार हर बार विफल साबित हुई है. सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को महामहिम राज्यपाल महोदय के नाम आवेदन सौंपा गया है. अगर राज्य किसानों के लिए नींद से नही उठती है तो सड़क से सदन तक आंदोलन होगा. मौके पर सभी जिला पदाधिकारी, सभी मंडल अध्यक्ष व कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## पत्नी का फोटो वायरल करना पति को पड़ा भारी,आरोपी पति भेजा गया जेल

साहिबगंज -अपनी पत्नी का फोटो वायरल करना पति को महंगा पड़ गया.फोटो वायरल मामले में पति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. जानकारी के अनुसार नगर थाना क्षेत्र के हबीबपुर निवासी मोहम्मद समीर को नगर थाना पुलिस ने अपनी पत्नी का फोटो वायरल करने के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है. नगर थाना प्रभारी अमित गुप्ता ने बताया कि समीर की पत्नी ने अपने पति पर फोटो वायरल करने का आरोप लगाते हुए नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी. दर्ज कांड संख्या 167/25 के आलोक में पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया.

## 2.1 किलो अफीम बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज - बरहरवा रेलवे सुरक्षा बल ने बरहरवा रेलवे स्टेशन पर विशेष जांच अभियान चलाकर ब्रह्मपुत्र मेल से लगभग 2.100 किलोग्राम संदिग्ध अफीम बरामद की है. मामले में दो आरोपियों रुबुल अली एवं सहलम अली को गिरफ्तार किया गया है. जब्त अफीम की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 10 लाख 50 हजार रुपये बताई जा रही है. जानकारी के अनुसार भारतीय रेलवे के माध्यम से मादक एवं साइकोट्रोपिक पदार्थों की तस्करी संबंधी गुप्त सूचना मिलने पर बुधवार को आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार के निर्देशन में बरहरवा रेलवे स्टेशन पर विशेष जांच एवं निगरानी अभियान चलाया गया. इस दौरान इंस्पेक्टर लाल बहादुर माझी, एएसआई रविशंकर यादव, एचसी महेश कुमार आर्य, आरपीएफ/सीआईबी मालदा के एचसी नूपुर बरन मिद्या एवं सीडीपीएस मालदा के एएसआई बाबुल दास की संयुक्त टीम ने ट्रेन संख्या 15658 डाउन ब्रह्मपुत्र मेल की सघन जांच की. जांच के दौरान कोच संख्या बी-5 की बर्थ संख्या 39 पर यात्रा कर रहे दो व्यक्तियों की गतिविधियां संदिग्ध लगीं. पूछताछ में दोनों घबरा गए और संतोषजनक जवाब नहीं दे सके. बाद में उनकी पहचान रुबुल अली और सहलम अली के रूप में हुई. पूछताछ में रुबुल अली ने स्वीकार किया कि उसने अपने पेट के चारों ओर भूरे रंग के टेप में लपेटकर अफीम छिपा रखी है.

## केमिस्ट के देशव्यापी बंदी को केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने दिया पूर्ण समर्थन



संताल एक्सप्रेस

बरहरवा-ई फार्मेसी और कारपोरेट कंपनियों की दीप डिस्काउंट नीति के विरोध में बुधवार को ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट के आह्वान पर देशव्यापी बंदी को साहिबगंज केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने पूर्ण सहयोग दिया.बुधवार को साहिबगंज जिले के सभी प्रखंड के दवा दुकानदार इस देशव्यापी बंदी को पूर्ण समर्थन देकर अपने-अपने प्रतिष्ठान को सात बंद रखा.इस संबंध में संगठन के सचिव कृष्णा भगत ने बताया कि एक दिवसीय देशव्यापी बंदी बुलाने का मुख्य उद्देश्य ई फार्मेसी के द्वारा नकली प्रिपरेशन के नशीली दवा और नकली दवा धड़ल्ले से ऑनलाइन के माध्यम से लोगों तक पहुंचाई जा रही है.जिससे लोगों को स्वास्थ्य एवं धन दोनों की हानी पहुंच रही है.संगठन का मुख्य उद्देश्य है कि इस तरह की कारोबार बंद होना चाहिए.उन्होंने बताया कि साहिबगंज जिला में लगभग 700 दवा दुकान बंद रहे.देशव्यापी इस बंदी के बाद भी अगर विचार नहीं किया गया तो आगे भी आंदोलन की भव्य रूपरेखा तैयार की जाएगी.इस दौरान दवा विक्रेताओं ने जमकर नारेबाजी भी की.मौके पर संयुक्त सचिव महेश अग्रवाल, सुनील महतो, मनीष गुप्ता, तैयब हुसैन, राहुल शुक्ला, दिलीप प्रसाद, बसंत कुमार महतो, सुमन कुमार महतो, पतंजलि भगत,मोहम्मद रकीब, सोनू भगत सहित साहिबगंज जिले के सभी दवा दुकानदार शामिल थे.

## सोशल मीडिया में अफवाह फैलाने का आरोपी गिरफ्तार

